कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्षः9, अंकः 349
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर, रविवार
05 मई, 2024
मूल्य रु. 2.00



## अगले तीन दिन में पांच डिग्री तक बढ़ सकता है प्रदेश में पारा



**लखनऊ।** मौसम विभाग एक तरफ पांच मई से मौसम में बदलाव की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में अगले दो-तीन दिन में दिन के पारे में दो से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी के आसार भी जताए जा रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को पारे में जहां गिरावट का दौर जारी था, वहीं शुक्रवार को दिन के तापमान में मामूली बढ़त दर्ज की गई। लखनऊ का पारा 35.6 डिग्री से बढ़कर 38.3 डिग्री पहुंच गया। जबकि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में 40 से नीचे आया पारा एक बार फिर से 40 पार कर गया। प्रयागराज में पारा 40.4 डिग्री रहा। बीते कुछ समय से प्रयागराज सर्वाधिक गर्म चल रहा था। बृहस्पतिवार को पारा 38.4 डिग्री पहुंच गया था। इसी तरह वाराणसी, बहराइच आदि शहरों में भी पारा 40 से नीचे था, लेकिन शुक्रवार को फिर इसमें बढ़ोतरी दिखी।

## पेपर लीक के मुद्दे पर युवाओं ने सरकार को घेरा

प्रयागराज। अमर उजाला के चुनावी कार्यक्रम सत्ता संग्राम के तहत शनिवार को प्रयागराज के इंडियन प्रेस चौराहे पर आयोजित चाय पर चर्चा के दौरान प्रतियोगी छात्रों, बेरोजगारों, युवाओं, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों से बातचीत की गई। जिसमें लोगों ने बेबाकी से अपनी बात रखी। युवाओं ने जहां बेरोजगारी का मुद्दा उठा कर दो करोड़ प्रतिवर्ष नौकरी देने के वादे की याद दिलाई, तो महिलाओं ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी सरकार की सराहना की। एक बात सभी ने कही कि हमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए बढ़ चढ़कर मतदान करना चाहिए। चर्चा के दौरान गर्मा गरम बहस हुई और सरकार की नाकामियों के साथ ही उनके अच्छे कार्यों की सराहना की गई। पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर भी लोगों ने सरकार को घेरा और इसके गंभीर परिणामों के बारे में चर्चा की।

## सोची समझी रणनीति के तहत राहुल ने छोड़ा अमेठी

**अमेठी।** अमेठी का रण छोड़कर राहुल गांधी ने एक साथ कई निशाने साधे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति नजर आती है। एक तो कमजोर संगठन, दूसरा हार के बाद क्षेत्र से दूरी सहित कई ऐसे कारण हैं, जिसका जवाब कांग्रेस नहीं खोज पा रही थी। ऐसे में एक बीच का रास्ता निकाला गया। नतीजन, करीब एक माह से अमेठी और रायबरेली में प्रत्याशी चयन को लेकर बने सस्पेंस पर अंतिम क्षणों में पर्दा उठा। राहुल गांधी के रायबरेली और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा के नामांकन के बाद कार्यकर्ता तक सकते में हैं। चाय-पान की दुकानों से लेकर सोशल मीडिया तक में यहीं छाया हुआ है। इसके नफा-नुकसान का आकलन हो रहा है।

# मोदी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

## मोदी ने समर्थकों का अभिवादन किया स्वीकार, सीएम योगी रहे मौजूद

## हाथ जोड़ समर्थकों का किया अभिवादन, लगे जय श्रीराम के नारे



कानपुर : प्रधानमंत्री नरेंद्र शनिवार शाम 5:२5 पर कानपुर पहुंचे। उन्होंने पहले गुमटी गुरुद्वारे पर मत्था टेका और सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री का रोड शो गुमटी गुरुद्वारे से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सडक़ के किनारे खड़ी जनता ने फूलों से उनका स्वागत किया। एक किलोमीटर के रोड शो में प्रधानमंत्री कानपुर और उसके पास की लोकसभा सीटों को साधेंगे। प्रधानमंत्री के सूबे के मुखिया योगीआदित्यनाथ भी रथ पर सवार थे। प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो शुरू हुआ तो पहला पड़ाव गुमटी गुरुद्वारा रहा। इस दौरान गुरुद्वारे के ठीक सामने मंच पर डमरू नाद के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत आरती के साथ किया गया। वैदिक मंत्र स्वस्तिवाचन, संख ध्वनि, गंगा आरती के माध्यम से अध्यक्ष आचार्य कालीचरण दीक्षित व उनके साथ आये बटुकों ने किया। प्रधानमंत्री मोदी के हाथ जोड़ते ही भीड़ ने जयकारा लगाया जय श्रीराम..., मोदी है तो मुमकिन है...आदि नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान लोग मानो मंत्रमुग्ध हो गए। हजारों हाथों में मोबाइल के फ्लैश चमकने लगे। मोदी ने भले ही कुछ न कहा, हाथ जोड़कर अभिवादन किया और हाथ में कमल का चुनाव चिह्न लहराकर कानपुर प्रत्याशी रमेश अवस्थी और कानपुर देहात के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के लिए समर्थन भी मांगा। सड़क के दोनों तरफ भारी भीड़ जुटी थी। भीड़ मोदी की एक झलक पाने को बेताब दिखी। इस पल को मोबाइल में सहेजने के लिए भीड़ बेताब रही। भीड़ को अपने ही अंदाज में देखते हुए प्रधानमंत्री आगे बढ़ते चले गए, उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी आदि मौजूद रहे।

लोकसभा की तारीखों के ऐलान के बाद कानपुर-बुंदेलखंड में प्रधानमंत्री का यह पहला रोड शो है।

## डमरू की गूंज के बीच गूंजा जय श्रीराम

प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो शुरू हुआ तो पहला पड़ाव गुमटी गुरुद्वारा रहा। इस दौरान गुरुद्वारे के ठीक सामने मंच पर डमरू नाद के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत आरती के साथ किया गया। वैदिक मंत्र स्वस्तिवाचन, संख ध्वनि, गंगा आरती के माध्यम से अध्यक्ष आचार्य कालीचरण दीक्षित व उनके साथ आये बटुकों ने किया। प्रधानमंत्री मोदी के हाथ जोड़ते ही भीड़ ने जयकारा लगाया जय श्रीराम..., मोदी है तो मुमकिन है...आदि नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान लोग मानो मंत्रमुग्ध हो गए। हजारों हाथों में मोबाइल के फ्लैश चमकने लगे। मोदी ने भले ही कुछ न कहा, हाथ जोड़कर अभिवादन किया और हाथ में कमल का चुनाव चिह्न लहराकर कानपुर प्रत्याशी रमेश अवस्थी और कानपुर देहात के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के लिए समर्थन भी मांगा। सड़क के दोनों तरफ भारी भीड़ जुटी थी। भीड़ मोदी की एक झलक पाने को बेताब दिखी। इस पल को मोबाइल में सहेजने के लिए भीड़ बेताब रही। भीड़ को अपने ही अंदाज में देखते हुए प्रधानमंत्री आगे बढ़ते चले गए, उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी आदि मौजूद रहे।



## गुमटी गुरूद्वारे में पीएम मोदी ने माथा टेका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमटी गुरूद्वारे पहुंचे। जहां उन्होंने माथा टेका। उनके साथ यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मौजूद रहे। बता दें कि, पीएम मोदी के पहुंचने से पहले ही सीएम योगी आदित्यनाथ गुमटी गुरूद्वारे में पहुंचे चुके थे। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

## विश्वविद्यालय के छात्र अभिजीत राय को पुलिस ने किया नजरबंद

कानपुर में पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से पहले विश्वविद्यालय के छात्र अभिजीत राय को नजरबंद कर दिया। बता दें कि, विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ लगातार छात्र प्रदर्शन कर रहा है। वीडियो अपलोड कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

## बुर्का पहनकर आई महिला, पुलिस ने रोका

गुजैनी निवासी रेहाना काला बुर्का पहन कर रो शो स्थल में शामिल होने आई थी। इस दौरान उनको पुलिस ने शो स्थल पर जाने से मना कर दिया गया। महिला ने कहा मैं योगी मोदी के समर्थन में यहां आई हूं, लेकिन मुझे नहीं जाने दिया जा रहा है।

# सहसवान और गुन्नौर में सपा की किलाबंदी तोड़ने में जुटी भाजपा

## योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सपा को घेरा

**बरेली।** बदायूं लोकसभा क्षेत्र में सहसवान और गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में यादव मुस्लिम गठजोड़ की बदौलत सपा मजबूत रही है। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के बबराला में शुक्रवार को सपा के परंपरागत यादव मतों में सेंधमारी करने के लिए भाजपा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लेकर पहुंची। सभा में मोहन यादव के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे। दोनों नेताओं ने सपा पर सियासी वार किए। मोहन यादव ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर यादवों की अनदेखी और परिवार की राजनीति करने का आरोप लगाकर प्रहार किए। सहसवान और गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा हारी थी। अगर बिल्सी, बिसौली और सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा लीड हासिल नहीं करती तो मामूली अंतर से संघमित्रा मौर्य जीत नहीं पातीं। वह 18,454 मतों के अंतर से जीती थीं। भाजपा ने सबक लेकर यादव मतों में बंटवारे की मंशा से सपा से जुड़े कई पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भाजपा में शामिल किया है। यादव बहुल गुन्नौर क्षेत्र के बबराला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की चुनावी सभा ने यादव मतों को आकर्षित किया है। मोहन यादव ने सपा पर परिवारवाद का आरोप मढ़ा तो योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सपा को घेरा। भाजपा की सियासी चुनौती को देखते हुए परिवार की परंपरागत सीट पर सपा के महासचिव शिवपाल यादव और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खुद मोर्चा संभाला है। सहसवान व गुन्नौर के असरदार यादवों को सक्रिय किया गया है। परिवारवाद पर खुद अखिलेश यादव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि सपा से सिर्फ परिवार के लोग लड़ रहे हैं। यदि भाजपा को बुरा लगता है तो वह संकल्प लें कि किसी परिवार वाले को नहीं लड़ाएंगे, किसी परिवारवाले से वोट नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि हम पीडीए परिवार से लड़ रहे हैं। हमारा परिवार संघर्ष करने वालों का परिवार है। वहीं मुस्लिम मतों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व बदायूं से पांच बार सांसद रहे सलीम इकबाल शेरवानी को लगाया है। (बदायूं लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर व सहसवान में सपा जीती थी। बिसौली, बिल्सी और बदायूं में भाजपा विजेता रही थी, इन्हीं परिणामों के आधार पर दोनों दल एक दूसरे के मतों में सेंधमारी के लिए जुटे हैं।



## सपा ने दी बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को धार

भाजपा के परंपरागत मतों में सेंधमारी के लिए सपा ने रोजगार और महंगाई के मुद्दों को धार दी है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को बदायूं में आयोजित चुनावी सभा में महंगाई और बेरोजगारी, पर्चे लीक होने और अग्निवीर की भर्ती से मात्र चार साल रोजगार पर सवाल उठाए। साथ ही वादा किया कि अगर सपा सत्ता में आई तो सेना से लेकर पुलिस तक पक्की नौकरी मिलेगी। साथ ही महंगाई पर अंकुश लगाने का वादा किया। सपा के क्षेत्रीय नेता भी इन्हीं मुद्दों पर मतदाताओं को जोड़ रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में पटाखे फूटने का वीडियो वायरल

लखनऊ। बहुचर्चित कैसरगंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के काफिले में पटाखे का वीडियो सामने आया है। वीडियो करणभूषण सिंह की फेसबुक वॉल पर रील के रूप में भी वायरल किया गया। काफिला शनिवार को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज, तरबगंज होते हुए बेलसर (रगड़गंज) बाजार पहुंचा। जगह-जगह स्वागत समारोह का कार्यक्रम जारी था। इसी बीच रगड़गंज बाजार में सिलसिलेवार फायरिंग सरीखे पटाखे दागे गये। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज से प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें हथियार से फायरिंग न करके पटाखों की बात सामने आई है। भीड़-भाड़ में पटाखे फोड़ना भी आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है। वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) और पुलिस के उच्चाधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कोविशील्ड लगवाने वालों को अब डरने की जरूरत नहीं

### केजीएमयू ने शोध पत्रों का अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट




**लखनऊ।** केजीएमयू के न्यूरोलॉजी विभाग ने कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव को लेकर देशभर के शोध पत्रों का अध्ययन कर रिपोर्ट जारी की है। न्यूरोलॉजी इंडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक यह वैक्सीन लगवाने वालों को अब दो साल बाद ब्लड क्लाटिंग, दिल का दौरा पड़ने व न्यूरो से संबंधित बीमारियों की आशंका न के बराबर है। वैक्सीन लगने के दो हफ्ते के अंदर ही देशभर में करोड़ों लोगों में से महज 136 लोगों को कुछ परेशानी हुई थी। केजीएमयू न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. आरके गर्ग के निर्देशन में यह अध्ययन किया गया। डॉ. गर्ग ने बताया कि जून 2022 तक 1,97,34,08,500 कोविड वैक्सीन की डोज लगाई गई थीं। इनमें ज्यादातर लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगी थी। वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर प्रकाशित शोध पत्रों का विभाग के डॉ. हरदीप सिंह मल्होत्रा, डॉ. इमरान रिजवी और डॉ. बालेंद्र प्रताप सिंह आदि ने अध्ययन किया। डॉ. गर्ग ने बताया कि कुल 136 मरीजों में दिक्कतें सामने आई थीं। इसमें 10 मरीजों के दिमाग में खून का थक्का जमने की शिकायत मिली थी। हरपीज के सबसे ज्यादा 31 मामले मिले थे। मस्तिष्क व स्पाइन कॉर्ड में सूजन और फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसआर्डर के मामले भी थे। दिल्ली, यूपी, पश्चिम बंगाल और केरल से अधिक मामले सामने आए थे। ये समस्याएं वैक्सीन लगवाने के दो सप्ताह के अंदर की हैं। दो साल बाद वैक्सीन के दुष्प्रभाव की आशंका बेहद कम है।

## सरकार ने प्याज निर्यात से बैन हटाया

### »» 45,800 से कम में नहीं बेच सकेंगे




**नई दिल्ली1** सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट से बैन हटा दिया है। हालांकि, इसके लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 550 डॉलर यानी करीब 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन तय कर दी है। यानी जो प्याज एक्सपोर्ट की जाएगी उसकी कीमत मिनिमम 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन होना जरूरी है। यह आदेश आज से ही लागू हो गया है और अगले आदेश तक मान्य रहेगा। इसके अलावा सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40त्न निर्यात शुल्क लगाने का भी फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में जब प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए पहुंच गई थी तब सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी, लेकिन उसके बाद देशों के अनुरोध के आधार पर इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई थी। इसके बाद पिछले महीने ही सरकार ने अगले आदेश तक प्याज के एक्सपोर्ट बैन को बढ़ा दिया था। एक्सपोर्ट बैन बढ़ने के बाद से व्यापारी और किसान, खास तौर पर महाराष्ट्र के किसान एक्सपोर्ट बैन हटाने का आग्रह कर रहे थे। उनका कहना था कि इससे किसानों को बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। अब सरकार ने ऐसे समय बैन हटाया है, जब 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग होने वाली है। अक्टूबर में नवरात्रि के बाद देशभर में प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ने लगीं और केवल एक हफ्ते में दोगुने से ज्यादा बढ़ गईं थीं। जिसके बाद सरकार ने कंज्यूमर्स के ऊपर बोझ कम करने के लिए 27 अक्टूबर से नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन (ह्ष्टष्टस्न) और नेफेड जैसे सरकारी बिक्री केंद्रों के जरिए 25 रुपए किलो के रेट से प्याज की बिक्री शुरू की थी। प्याज हमेशा से भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, खासकर जब चुनाव का समय आता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने खुद 1980 के केंद्रीय चुनावों को प्याज का चुनाव बताया था।

# चुनाव प्रचार के लिए बेल पर बाहर आएंगे केजरीवाल

## राहुल गांधी और लालू यादव को चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भरी अदालत में व यों लिया राहुल गांधी और लालू यादव का नाम। राजस्थान में बाल विवाह को लेकर हाई कोर्ट ने चेताया, बंगाल सरकार की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा सीबीआई हमारे कंट्रोल में नहीं है। चुनाव में केजरीवाल को मिलेगी राहत? सुप्रीम कोर्ट ने क्या बड़ी टिप्पणी कर दी। इस सप्ताह यानी 29 अप्रैल से 04 मई 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वह चुनाव के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकता है। शीर्ष अदालत ने ईडी के वकील से कहा कि वह मंगलवार (7 मई) को मामले की सुनवाई करते समय इस पहलू पर तैयार होकर आएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने दोनों पक्षों को सचेत करते हुए कहा कि वे यह न मानें कि अदालत जमानत दे देगी। कोर्ट ने कहा कि हम अनुदान दे सकते हैं या हम अनुदान नहीं दे सकते।



लेकिन हमें आपके लिए खुला रहना चाहिए क्योंकि किसी भी पक्ष को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही ईडी से संभावित समाधान पेश करने को कहा। अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत दी जाती है तो केजरीवाल पर शर्तें लगाई जाएंगी। अदालत ने ईडी से यह भी विचार करने को कहा कि क्या केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में अपनी स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनेता के समान नाम होने से किसी व्यक्ति के चुनाव लड़ने के अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए लड़ने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि उसका नाम किसी राजनेता के साथ मिलता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों वाली पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब चुनावों में हमनाम उम्मीदवारों का मुद्दा उठाते हुए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका सामने आई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भारत संघ के नियंत्रण में नहीं है। बता दें कि राज्य की पूर्वानुमति के बिना एजेंसी द्वारा कई मामलों में जांच जारी रखने पर पश्चिम बंगाल द्वारा दायर मुकदमे पर प्रारंभिक आपत्ति जताई गई थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ से कहा कि भारत संघ ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है, सीबीआई ने दर्ज किया है। एजेंसी केंद्र के नियंत्रण में नहीं है। पश्चिम बंगाल ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के खिलाफ एक मूल मुकदमा दायर किया है। वहां की तृणमूल सरकार ने अपने मुकदमे में कहा कि राज्य द्वारा पश्चिम बंगाल में मामलों की जांच के लिए संघीय एजेंसी को सामान्य सहमति रद्द करने के बावजूद, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करना और जांच जारी रखी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया।

## जम्मू कश्मी में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बांदीपोरा पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट में बताया, भारतीय सेना-13 आरआर, बांदीपोरा पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की तीसरी बटालियन द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान उत्तरी कश्मीर जिले के चंगाली जंगल अरगाम में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने बताया कि आतंकी ठिकाने से एके सीरीज की एक राइफल, चार मैगजीन सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गयी

लोकजन संदेश अवगत कराना है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों/मार्गों, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों आदि पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा आमजन से वार्ता कर उनकी समस्यों के बारे में जानकारी की गयी तथा सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान किया गया तथा अन्यावश्यक रूप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए चेकिंग की गयी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय/अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

## थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद



हापुड संवाददाता लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को दस्तोई रोड से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ है उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता विवेक कुमार पुत्र किरन पाल निवासी ग्राम पोहली थाना सरधना जनपद मेरठ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1.30नि0 बालेन्द्र सिंह थाना हापुड नगर जिला हापुड 2.है0कां0 219 प्रमोद कुमार 3.है0 कां0 175 पोपीन कुमार

## पालिका ने भीषण गर्मी में लू से गौवंशों को बचाने के लिए की व्यवस्था

कालपी (जालौन)। भीषण गर्मी तथा लू लपट को मद्देनजर रखते हुए गायों कि बचाव तथा उनकी सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देश पर पालिका प्रशासन के द्वारा गौशाला पुख्ता व्यवस्था की गई है। नगर पालिका द्वारा संचालित आलमपुर गौ आश्रय स्थल प्रभारी तथा राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने बताया कि गौशाला में वर्तमान समय में 197 गाय है। गायों के लिए गौशाला में धूप से बचाव के लिए टीन सैंड में जूट के बोरे बिछाये गए है तथा चारों तरफ जूट के बोरे लगाए गए है। भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडक पहुंचाने के लिए लगातार जूट के बोरो में पानी का छिड़काव किया जाता हैं जिससे गायों को लू लपट ना लग सके। आरआई ने बताया कि गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाकर ऑनलाइन जिला मुख्यालय से निगरानी रखी जाती हैं। गायों को हरा चारा तथा भूसा निरन्तर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा गायों को मानक के अनुरूप सुख सुविधा दी जा रही हैं।

## 14-15 मई को टीम घर-घर जाकर दिव्यांगों, बुजुर्गों के वोट डलवायेगी

कालपी (जालौन)। लोकसभा चुनाव 2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तथा 40 प्रतिशत से अधिक शारीरिक रूप से दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचन टीम 14-15 में को मतदान करायेंगी। जबकि 9 मई से 14 मई तक शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज उरई में स्थापित मतदान केंद्र में वोट डाले जाएंगे। तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तथा दिव्यांगों के द्वारा 113 निर्वाचन प्रपत्र 12 घ के आवेदन भरे गए थे। सभी 113 मतदाताओं के घरों में निर्वाचन टीम एवं पुलिस कर्मी पहुंचेंगे व उनके घरों में ही वोट डलवाएंगे। सभी मतों को तहसील परिसर में एकत्रित करके स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के शत प्रतिशत वोट डलवाने के लिए मेडिकल कॉलेज उरई को मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र में कालपी विधानसभा के पीठासीन अधिकारी तहसीलदार अभिनव तिवारी को बनाया गया है। तहसीलदार ने बताया कि 14 मई तक शासकीय कर्मचारी पोस्टल बैलट के माध्यम से मेडिकल कॉलेज उरई स्थित मतदान केंद्र में अपने-अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

## थाना सिम्भावली पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत पीएनबी बैंक खडलिया के बाहर खड़ी अपाचे मोटर साइकिल की डिग्गी से 10 हजार रूपये चोरी की घटना का अल्प समय में सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

हापुड संवाददाता लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाने भादवि का अल्प समय में सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर चोरों को सिखैडा पुराना हाईवे से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी के 10,000/- रुपये नकद



(शतप्रतिशत) व घटना में प्रयुक्त सलेरियो कार बरामद हुई है

उपरोक्त गिरफतारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफतार अभियुक्तों का नाम व पता 1. बजरंग प्रसाद मिश्र पुत्र राम लोचन स्थाई पता ग्राम इमलिया मिश्र थाना कोतवाली देहात जिला गोण्डा हाल पता म0न0 97 गली न0-13 नगली बिहार कालोनी नियर नगली डेरी थाना नजफगढ़ दक्षिण दिल्ली 2. पिन्टू पासवान पुत्र रघुवर निवासी ग्राम महादेवा थाना तरबगंज जिला गोण्डा 3. पवन पुत्र क्षेत्रपाल निवासी म0न0-डी-01 ब्लाक 16 हरफूल बिहार नजफगढ़ थाना नरहोला दक्षिणी दिल्ली। 4. निरंजन केसरी पुत्र राजेन्द्र ग्राम घाघरा थाना बखरी बाजार जिला बेगू सराय बिहार


## महिलाओं व युवतियों को डरानें वाली 500 बुलेट बाइक के साइलेंसर खुलवाकर पुलिस ने चलवाया बुल्डोजर



हापुड संवाददाता लोकजन संदेश

थाना हापुड़ क्षेत्र में बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर महिलाओं व युवतियों को डरानें वाली 500 बुलेट बाइकों को पकड़ उनके साइलेंसर खुलवाकर सड़क पर रखवाकर रोलर के माध्यम से नष्ट करवाएं जानकारी के अनुसार शहर में रेलवे रोड, फ्री गंज रोड, तहसील चौराहा, गढ़ रोड समेत प्रमुख इलाकों में नाकाबंदी के दौरान अन्य बाइकों के भी साइलेंसर की जांच की गई। एकाएक पुलिस लाइन में 500 बुलेट बाइकों के साइलेंसर खुलवाकर सड़क पर रखवाकर रोलर के माध्यम से नष्ट करवाएं सीओ वरुण मिश्रा ने कहा कि अगर भविष्य में वह बुलेट से पटाखे बजाते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

## मंगनी के बाद मायकेवालों ने किया शादी से इंकार, युवती पहुंची मंगेतर के घर, शादी पर अड़ी



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में एक युवती की सगाई के बाद मायकेवालों ने युवक से शादी करने से इंकार कर दिया। जिससे क्षुब्ध होकर युवती अपने मंगेतर के घर जा पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर शादी करने पर अड़ गई पीड़ित युवती ने बताया कि वह जनपद् बुलंदशहर की है। उसका रिश्ता गढ़ नगर निवासी युवक के साथ हो गया था। रिश्ता तय होने के बाद परिजनों ने उसकी गोद भराई की रस्म भी कर दी। जिसके बाद वह अपने मंगेतर से फोन पर बात करने लगी। युवती ने बताया कि अब उसके परिजनों ने बिना, कोई कारण बताए उसकी शादी करने से इन्कार कर दिया है। उसने परिजनों को शादी के लिए राजी करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। अब वह घर छोड़कर, मंगेतर के पास पहुंच गई युवती ने अपने मंगेतर के साथ ही शादी कराने की मांग की है

## युवा व्यापारी नेता दीपांशु गर्गउद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर महामंत्री व भाजपा नेता सुयश वशिष्ठ शानू जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत, व्यापारियों ने दी बंधाईया

हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने हापुड़ निवासी व युवा व्यापारी नेता दीपांशु गर्ग को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर महामंत्री व भाजपा नेता सुयश वशिष्ठ शानू जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत करते हुए जिला व नगर की कमेटी की घोषणा की दोनों युवा व्यापारी व भाजपा नेताओं के मनोनयन पर भाजपाइयों व व्यापारियों





ने बंधाईया दी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नवनियुक्त महानगर महामंत्री दीपांशु गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की समस्यायों का समाधान करना उनका प्रमुख प्राथमिकता होगी इस अवसर पर व्यापारी नेता अशोक छारिया,राजीव जिंदल, रोहित,अमित कृपाल, पुरुषोत्तम चौबें जी आदि ने उन्हें बंधाईया दी

## ईंट से कुचलकर की गई युवक की हत्या मामलें में नहीं हुआ खुलासा




हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास खेत में ईंटों से कुचलें एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।जानकारी के अनुसार हापुड़ के गांव ददायरा के ग्रामीण सुबह खेतों पर काम करने के बाद दोपहर में घर लौट गए थे। दोपहर बाद जब किसान दोबारा काम करने के लिए खेतों पर पहुंचे तो उन्हें रेलवे लाइन के पास अजय सिंह के खेत में चकरोड किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। चेहरा बुरी तरह ईंटों से कुचला हुआ था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में सीओ वरुण कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद फोरेंसिक की टीम भी वहां पहुंची। घटना स्थल के पास से खून से सनी ईंट भी बरामद हुई है। ऐसे में आशंका है कि दोपहर के समय ईंट से प्रहार कर व्यक्ति की हत्या की गई थी पुलिस अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं कर सकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि मामलें में जल्द ही खुलासा होगा

## थाना पिलखुवा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए 02 वाहन चोरों को किया गिरफ्तार



हापुड संवाददाता लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए 02 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल व एक मोटरसाकिल के पार्टस बरामद हुए हैं उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता1. सुहैल मलिक पुत्र रहीसुद्दीन उर्फ रहीसू निवासी मौहल्ला खटीकान बडी मस्जिद के पास फरीद नगर थाना भोजपुर जनपद मेरठ।2. शाहरुख पुत्र शहीद निवासी विलोखर सफी मस्जिद के पास दीनू का मकान कस्वा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 दिनेशचन्द गौतम थाना पिलखुवा हापुड 2. उ0नि0 रंजीत सिंह 3. उ0नि0 यूटी भुजवेन्द्र सिंह 4. हे0कां0 436 विष्णुचंद 5. कां0 883 रूचिन मलिक6. हे0कां0 858 रावेन्द्र मिश्रा

## छात्रवृत्ति प्रिंटआउट अग्रसारित न करने के मामले में कार्यवाही न होने से छात्र नाराज

कोंच (जालौन)। एमपीडीसी महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा बीते समय पूर्व ऑनलाइन कर जमा किए गए छात्रवृत्ति प्रिंटआउट महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित न किए जाने के मामले में अब तक कोई कार्यवाही न होने से नाराज छात्रों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय इकाई के प्रमुख सुमित देव यादव की अगुवाई में परिषद कार्यकर्ता और छात्र विकास पटेल, अमन अग्रवाल, हनी अग्रवाल, नानू मिश्रा, जुनैद आदि ने शनिवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि महाविद्यालय स्तर पर करीब 2 सैकड़ा की संख्या में छात्रवृत्ति फॉर्म अग्रसारित न होने से संबंधित छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से वंचित होना पड़ रहा है। उक्त मामले को लेकर बीती 4 मार्च और फिर 15 मार्च को प्रदर्शन कर प्राचार्य सहित प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र भी दिया गया था लेकिन सिर्फ कोरा आश्वासन ही दिया गया और कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं किया गया। उक्त छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा संबंधित छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि दिलाए जाने की मांग एसडीएम से की है।

### कोचिंग पढ़ने गयी किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

कोंच (जालौन)। कोचिंग पढ़ने गयी एक नाबालिग किशोरी को भगा कर ले जाने के आरोपी युवक पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मुहल्ला तिलक नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत रोज शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे उसकी नाबालिग बेटी एसआरपी इंटर कॉलिज के समीप कोचिंग पढ़ने गयी हुई थी। इसी दरम्यान मुहल्ला गोखले नगर निवासी अमन यादव उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने बेटी को ढूंढने का बहुत प्रयास किया लेकिन बेटी का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उक्त पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपी अमन यादव के खिलाफ दफा 363 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वृद्ध पुजारी को चकमा देकर दस हजार ले उड़ा टप्पेबाज

उरई (जालौन)। थाना एट अंतर्गत ग्राम हरदोई गुर्जर में शुक्रवार को एक टप्पे बाज ने मंदिर में रह रहे पुजारी को चकमा देकर उसके हजारों रूपए पर हाथ साफ कर दिया पीड़ित पुजारी के परिजनों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया।

जानकारी के मुताबिक 90 वर्षीय जयरामदास पुत्र रघुवीर दास निवासी ग्राम हरदोई गुर्जर पिछले कई वर्षों से अपने गांव से बाहर अपने खेतों के समीप बने मंदिर में पूजा अर्चना कर जीवन निर्वाह कर रहे थे शुक्रवार को बाइक सवार एक युवक उनके पास आया और उन्हें 500 का नोट देते हुए बोला महाराज इसमें से 100 मंदिर के लिए ले लें और शेष ?400 उसे वापस कर दें पुजारी जयरामदास ने अपने थैले में से उसे शेष पैसे निकाल कर दे दिए इस बीच उस युवक ने पुजारी को बताया कि वह गांव में मृदा परीक्षण के लिए आया है जिस किसान की भूमि परीक्षण में चयन होगी उसे सरकार द्वारा पांच लाख का लाभ दिलाया जाएगा उसकी इन बातों में आकर पुजारी जयराम ने अपने खेत की मिट्टी को लिए जाने की बात कही तो वह युवक बोला कि महाराज अपने खेत के चारों कोनों से थोड़ी-थोड़ी मिट्टी लाओ और मुझे दो पुजारी जयराम खेत पर मिट्टी लेने गए इसी बीच मौका पाकर उक्त युवक ने थैली को ले लिया और वहां से रफूचक्कर हो गया पुजारी जयराम जब मंदिर वापस आए तो यह देखकर वह बहुत चक्की रह गए कि वहां ना तो वह युवक दिखा और ना ही उनका वह थैला जिसमें रुपए यह रखे थे मामले की जानकारी होने पर पुजारी जयराम के परिजन थाना ऐट पहुंचे और वहां और पुलिस को लिखित तहरीर दी।

## सड़कों पर फर्राटा भरते ओवरलोड मिट्टी भरे ट्रैक्टरों पर रोक की मांग



जालौन (उरई)। औरैया मार्ग पर प्रतापपुरा के हार में मशीन लगाकर मिट्टी की खुदाई चल रहा है। सुबह से सायं तक अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई व व्यापार चल रहा है। ओवरलोड ट्रेक्टरों के माध्यम से मिट्टी की ढुलाई हो रही है। सड़क पर दौड़ते मिट्टी के ओवरलोड ट्रैक्टर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं तथा यातायात व्यवस्था को खराब कर रहे हैं। अवैध रूप से हो रही मिट्टी की उठाने व परिवहन पर रोक लगाने के लिए संभ्रांत लोगों ने उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। नगर में चल रहा मिट्टी का अवैध कारोबार चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा सरकार अवैध कारोबारों व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का दावा करती है। जनता भी उम्मीद लगाये है किन्तु उनके दल के ही लोग पार्टी व उनके शीर्ष नेताओं की छवि को धूमिल करने में लगे हुए हैं। जनप्रतिनिधि का करीबी मिट्टी का अवैध कारोबार कर रहा है। जनप्रतिनिधि का खास बनकर मिट्टी का अवैध कारोबार कर रहा है। नगर के प्रतापपुरा मौजा से मशीन लगाकर मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इसके साथ बगैर आवश्यक कागजात के कृषि कार्य के बने ट्रेक्टर व ट्राली व्यापार कर रहे हैं। व्यापार में लगे ट्रेक्टर ओवरलोडिगं करते हैं तथा उनके पास आवश्यक कागजात के अलावा बीमा आदि का भी अभाव रहता है। सड़क पर फर्राटे भरते ओवरलोड ट्रेक्टर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं तथा दुर्घटना का कारण बनते जा रहे। नगर के अधिवक्ता विक्रांत यादव अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव, संजय अवस्थी, गोल्डी, महेश स्वर्णकार, सभासद विकास श्रीवास्तव, नीरज चंद्रा, हर्षित राय समेत कई सभासदों व अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार एसके मिश्रा को देकर मांग की है कि अवैध रूप से चल रही मिट्टी की खुदाई व ढुलाई बंद करायी जाये जिससे कृषि कार्य के लिए बने ओवरलोड ट्रेक्टरों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## ग्रामीणांचल में गूंजा आओ सब मिलकर गायें, हम देने वोट जरूर जाये




उरई (जालौन)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने अमूल्य मत का प्रयोग किये जाने, ऐसे नागरिक, मतदाता जो अपने मत का उपयोग लोकसभा सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार कर रहे है, महिला, दिव्यांग, थर्ड जेण्डर को मतदान हेतु प्रेरित किये जाने के लिये शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ विभाग, विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत बजीदा, रगौली, सिहरी, बस्तेपुर, रामपुर देहात, हनुमन्तपुर, काविलपुरा, गढ़िया, रूद्रपुरा, सुल्तानपुरा, शेखपुर अहीर, सतोह, गोरा करनपुर, भंगा, रेढ़र, खेड़ा कलां, चमेड़, पनयारा आदि ग्राम पंचायतों में रैली निकालकर व चौपाल लगाकर ग्रावासियों को 20 मई 2024 को मतदान हेतु प्रेरित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता रैली व चौपाल लगाकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा हैं। चौपाल के माध्यम से मतदान के लिये जागरूक करते हुये निर्वाचन के महत्व के बारे में बताया जा रहा है कि आपके एक वोट के बदौलत ही एक सही जनप्रतिनिधि को चुना जाता है, इसलिये प्रति एक मतदाता अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में इसे चुनाव का पर्व देश का गर्व मनाते हुये अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों को कहा कि आओ सब मिलकर गायें हम देने वोट जरूर जाये, अपनी ही सरकार है मत देना अधिकार हैं, देश का मतदाता है वोट देने आता है, सबका यह अरमान है करना सब मतदान है, आन बान शान से सरकार बने मतदान से, उम्र 18 पूरी है मत देना बहुत जरूरी है, प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता है, सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से, आओ मिलकर अलख जलाये शत प्रतिशत मतदान करायें स्लोगन के साथ प्रेरित किया। इस अवसर पर एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका, स्कूल के छात्र-छात्रायें व आदि द्वारा मतदान हेतु जागरूक किया गया।

## खबर का हुआ असर, पालिका ने शुरू कराया नाला सफाई अभियान



जालौन (उरई)। देवनगर चौराहे से कोतवाली होकर लौना रोड तक नाले में गंदगी होने से लोग परेशान थे। शिकायत के बाद नगर पालिका प्रशासन ने इस नाले की सफाई शुरू करा दी है। नगर में देवनगर चौराहे से कोतवाली के सामने होकर लौना रोड तक नाला की सफाई न होने से नाले में गंदगी का अंबार लगा था। नाला चोक होने की वजह से गंदगी और सिल्ट आदि नाले में ही जमा हो गई थी। महीनों से गदंगी जमा होने से नाले से बदबू निकलने से राहगीर व आसपास रहने वाले लोग परेशान थे। गर्मी के मौसम में गंदगी के चलते लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी डर सता रहा था। जिसके चलते नगर के लोगों ने नगर पालिका में शिकायत के साथ ही डीएम से नाले की सफाई कराने की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेकर पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल व ईओ सीमा तोमर के निर्देश पर सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने शनिवार को नाले की सफाई की शुरुआत करा दी है।

## लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता अपने वोटों की आहुति अवश्य दें




उरई (जालौन)। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में महिला कल्याण विभाग की टीम वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा आम जन व मतदाताओं से आवाहन किया कि आप 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें आपका हर एक वोट लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो पहले मतदान फिर जलपान लोकतंत्र के महापर्व में अपनी वोटो की आहुति अवश्य दें आदि नारों के साथ मतदाता जागरूकता रैली जिला परिषद होते हुए टाउन हॉल तक गई तथा समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील किया गया कि आप वोट अवश्य करें ताकि जनपद का वोट प्रतिशत बेहतर हो तथा जनपद शत प्रतिशत मतदान कर एक कीर्तिमान स्थापित करें तथा आप स्वस्थ लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके। आज के इस मतदाता जागरूकता रैली में जहां वन स्टॉप सेंटर कि केंद्र प्रबंधक अंजना सामाजिक कार्यकर्ता रागनी रिचा चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रतीक्षा रजनी, दीप्ति, प्रिंसी, अंकुर राजा भारद्वाज तथा बाल संरक्षण सेवाओं से वीर सिंह, सुरेश, रचना तथा अन्य समस्त महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## उड़नदस्ता टीम ने चेकिंग के दौरान बरामद की सात लाख की नकदी



कालपी (जालौन)। शनिवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व वाली उड़नदस्ता टीम ने चेकिंग के दौरान 7 लाख की नगदी बरामद की है। इस दौरान कोई प्रपत्र न दिखाए जाने पर उसे जब्त कर लिया गया है। लोकसभा चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उड़नदस्ता टीमों का गठन किया है जो क्षेत्र में सक्रिय रहकर चुनाव प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर नजर रखती है। शनिवार को नायब तहसीलदार हरदीप सिंह के नेतृत्व वाली टीम प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के साथ हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर पर चौकिंग कर रही थी इसी दौरान टीम को चार पहिया वाहन संख्या यू पी 71एक्स 0199 की तलाशी ली तो उसमें 7 लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं। इस दौरान गाडी में सवार राजीव यादव पुत्र दशरथ यादव बोधला आगरा और चालक कृष्णा पुत्र विश्वनाथ मिश्रा निवासी मनीगंज कालपी नगदी संबंधी किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं दिखा सके थे। जिसके चलते टीम ने बरामद नगदी को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है। बरामदगी के दौरान उप निरीक्षक राजेश कुमार सिपाही मुईद, योगेश बाबू और गौरब कुमार भी शामिल रहे।

## 93 लाख की धोखाधड़ी मामले में पीड़ित व्यापारी ने लगायी पुलिस से लगायी गुहार



कोंच (जालौन)। करीब 93 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने की पुलिस से शिकायत कर पीड़ित व्यापारी ने आरोपी व्यापरियों पर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है।

नगर के मुहल्ला लाजपत नगर निवासी वीरेंद्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व.जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह मैसर्स गोयल इंडस्ट्रीज नाम से फर्म चलाकर गल्ला क्रय विक्रय का व्यापार करता है। वीरेंद्र ने बताया कि गत समय पूर्व दिल्ली स्थित एक फर्म ने झाँसी स्थित एक अन्य फर्म के कमीशन एजेंट के जरिए उसकी मैसर्स गोयल इंडस्ट्रीज फर्म से 59 लाख रुपये से अधिक कीमत का गेंहू खरीदा। इसी प्रकार से कोंच की ही एक अन्य फर्म मैसर्स जेपी ग्रेन एजेंसी से भी उक्त फर्म ने 32 लाख रुपये से अधिक कीमत का गेंहू खरीदा। कोंच की उक्त दोनों फर्मों से उक्त फर्म के पास गेंहू की डिलेवरी हो जाने के बाद भी धनराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है और लगातार टाल-मटोल कर रहे हैं। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से संबंधित आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है।

## नामांकन पत्रों की जांच में 5 पर्चे स्वीकृत, 6 नामांकन अस्वीकृत




उरई (जालौन)। पांचवे चरण में 45-जालौन-गरौठा-भोगनीपुर में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नामांकन के दौरान 11 प्रत्याशियों ने 27 पर्चे दाखिल किये थे। आज जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी के न्यायालय कक्ष सं0-13 में नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गयी, सवीक्षा के दौरान 6 नामांकन विधिमान, स्वीकृत रहे व 5 नामांकन अस्वीकृत पाये गये। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नरायण दास अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चन्द्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नगेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन के नामांकन पत्रों की जांच में विधिमानध्स्वीकृत पाये गये। साथ ही अलहिन्द पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी चन्द्रभान, निर्दलीय प्रत्याशी दल सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी धमेन्द्र, निर्दलीय प्रत्याशी बृजबिहारी के नामांकन पत्रों में त्रुटि होने के कारण अस्वीकृत पाये गये।

## प्रत्येक मतदाता का मतदान करना संवैधानिक अधिकार:बीडीओ



जालौन (उरई)। स्वीप कार्यक्रम में अंतर्गत ब्लॉक कार्यालय से होकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। ब्लॉक कार्यालय पर मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मतदान करना संवैधानिक अधिकार है। आप लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें। आप मतदान में भाग लेकर सरकार बनाने में अपनी भूमिका प्रत्यक्ष रूप से निभा सकते हैं। इसलिए हर काम को छोड़कर 20 मई को सबसे पहले वोट दें। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से हाथों में तख्ती लेकर चल रहे कर्मियों ने लोगों से 20 मई को सबसे पहले वोट देने की अपील की। कहा कि 20 मई को सभी काम छोड़कर सबसे पहले वोट देने जाएं। देश की सरकार चुनने का प्रत्येक मतदाता का अधिकार है और अपने इस अधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी रवींद्र राजपूत, सचिव ग्राम पंचायत प्रियंका धीरान, संगीता मेघा भारद्वाज, राहुल सिंह, कुलदीप वर्मा, देवीशरन सोनी स्वयं सहायता समूह से प्रभारी सुनीता प्रथम सुनीता द्वितीय शिखा, नीलू बाथम, राखी, दीक्षा पाल आदि मौजूद रहे।

## अकोढ़ी दुबे का पंचायत भवन गेट पर मौरम डली होने से ग्रामीण परेशान




जालौन (उरई)। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में जनता को सरकारी योजनाओं को उपलब्ध कराने के लिए पंचायत भवन बना हुआ है। पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर किसी ने बालू डाल रखी है। मुख्य द्वार पर बालू डाल जाने व सचिव के कार्यालय में न बैठने के कारण ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को उपलब्ध कराने व ग्राम पंचायत अधिकारी के बैठने का स्थान निर्धारित करने के गांवों में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में मुख्य मार्ग पर पंचायत भवन बना हुआ है। पंचायत भवन में ग्राम पंचायत अधिकारी के आने तथा गांव की समस्याओं की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी व प्रधान द्वारा ध्यान न देने का परिणाम यह है कि पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर लम्बे समय से बालू का ढेर लगा हुआ है। बालू के ढेर के चलते पंचायत भवन में गंदगी फैली हुई है तथा उसका दरवाजा खुलना भी मुश्किल है। जब गांव में पंचायत अधिकारी नहीं आते हैं तो सफाई कर्मचारी भी नदारदत रहते हैं। जब पंचायत भवन गंदा है तो अंदाज लगाना मुश्किल नहीं है कि गांव की सफाई व्यवस्था कैसी होगी। ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभ लेने या आवश्यक कार्य होने पर सचिव को तलाशते है तथा उनके बताये स्थान पर जाकर अपना काम कराने को मजबूर हैं। जब इस संदर्भ में बीडीओ प्रशांत कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है। इस संदर्भ में सचिव नीता राठौर से बात करेगें तथा दरवाजे पर पड़ी बालू को हटवा दिया जायेगा।

## हाथों पर मेंहदी से मतदान अवश्य करे लिखकर किया गया जागरूक



चेतन जैन
जसवंतनगर /इटावा

शनिवार आज प्राथमिक विद्यालय नगला रामसुन्दर बाल संसद के पदाधिकारी और स्टाफ के द्वारा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ग्राम वासियों से मिलकर और हस्ताक्षर अभियान के द्वारा उन्हें मतदान के लिए जागरुक किया गया और उनसे अपील की गई कि वह मतदान अवश्य करेंआ आपका एक मत देश का भविष्य बदल सकता है विद्यालय के प्रधान अध्यापक आलोक सिंह चौहान नेसभी से अनुरोध किया कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल सभी गतिविधियों जैसे मेहंदी प्रतियोगिता रैली पोस्टर प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक आदि सभी कार्यक्रम विद्यालय में सुचारू रूप से संचालित कराए जा रहे हैं जिससे कि मतदान का प्रतिशत पिछली बार से ज्यादा बढ़ सके।

## अग्निकाण्ड से प्रभावित 40 लोगों के खातों में भेजी गई रू. 2.37 लाख की धनराशि

लोक जन संदेश।

बहराइच, अलताफ सिद्दीकी, ज़की सिद्दीकी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम चोरवा में हुई अग्नि दुर्घटना में 01 व्यक्ति को गृह अहैतुक सहायता के रूप में रू. 5,000=00, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम अहाता व गुलरिया में हुए अग्निकाण्ड में गृह अनुदान सहायता के रूप में 07 व्यक्तियों को रू. 40,000=00 तथा तहसील नानपारा के ग्राम अरनवा, सुजौली, डल्लापुरवा व पिपरिया में हुए अग्निकाण्ड में 32 व्यक्तियों को अहैतुक/गृह अनुदान के रूप में रू. 1,92,000=00 की सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा तहसील मिहींपुरवा के ग्राम धर्मापुर में 30 अप्रैल 2024 को हिंसक जीव तेन्दुए के हमले मृतक शमा पुत्री चुन्नू के वारिसान के खाते में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 5,00,000=00 हस्तान्तरित कर दी गई है।

डीएम ने बताया कि उपरोक्त अग्नि दुर्घटनाओं में जहां एक ओर मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचे वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य सरकारी अमला भी मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

## गौशाला की अव्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम से की शिकायत

कोंच (जालौन)। तीतरा गांव की गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विकास खंड कोंच के ग्राम तीतरा निवासी किसान बृजपाल निरंजन, अशोक कुमार, जितेन्द्र, शिवम, किशोर, मनीष, रघुराज, राजेश, छोटे राजा, शिवपाल, रविन्द्र, राजीव, ऋषभ, नितिन, राज, पर्वत आदि ने शनिवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि शासन के निर्देश पर गांव में गौशाला का संचालन कागजों में तो किया जा रहा है लेकिन गौशाला में अव्यवस्थाएं हावी होने और देखरेख न होने से उसमें गौवंश ही नहीं हैं। अन्ना गौवंश हर समय आवारा रूप से विचरण कर खेतों में बोई गयी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। उक्त समस्या को लेकर जब प्रधान और सचिव से कहा गया तो दोनों जिम्मेवारों ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि गौशाला का संचालन करना हमारे वश में नहीं है। ग्रामीणों ने एसडीएम से गौशाला का ठीक ढंग से संचालन कराये जाने हेतु संबंधित जिम्मेवारों को निर्देशित किए जाने की मांग की है।

## सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

उरई (जालौन)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव व पुलिस प्रेक्षक एस लक्ष्मी ने पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के साथ नवीन गल्ला मंडी में स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल, और स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर तैयारियां के सम्बंध में जायजा लिया प्रेक्षकों द्वारा विधानसभा वार मतगणना के लिए लगाए जाने वाले टेबल, वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की जानकारी ली। पोलिंग पार्टी रवानगी (डिस्पैच) से लेकर प्राप्ति रिसीविंग तक विस्तृत लेआउट प्लान देखा

## माँ डिंपल यादव के लिए सैफई क्षेत्र मे बेटी अदिति ने किया चुनाव प्रचार

चेतन जैन
सैफई /इटावा

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा, जिसका चुनाव प्रचार 5 मई को थम जाएगा। अब अंतिम समय में हर पार्टी जोरों-शोरों के साथ प्रचार-प्रसार कर रही है। तीसरे चरण में

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाईल सीटों में से एक मैनपुरी लोकसभा सीट है। यहां समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी वर्तमान में सांसद डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। जिनके चुनाव प्रचार में जहां सपा मुखिया सहित परिवार के सभी



सदस्य अलग-अलग क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वही उनकी बेटी अदिति यादव भी अपने नए अंदाज में सैफई ब्लॉक क्षेत्र में लगातार 2 दिन से मां डिंपल यादव के लिए वोटो की अपील कर रही है। अदिति यादव की ओर से महिलाओं को साधने की कोशिश जा रही है। वह महिलाओं के बीच जाकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लिए दादा मुलायम सिंह यादव और पिता अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में किए गए कार्यों को गिनाती हैं। वह सीधे तौर पर केंद्र की नरेंद्र मोदी और यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार पर भी निशाना साधते हुए शिक्षा और रोजगार के मुद्दे को उठाती हैं। शनिवार को सैफई ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उझियानी मे स्थित प्रिंस फार्म हाउस पर एवं ग्राम पंचायत पिडारी मे नुक्कड़ सभा में पहुंचकर मां डिंपल यादव के लिए वोटो की अपील की हैं।

इस दौरान पवन पांडेय पूर्व राज्य मंत्री,भारत सिंह यादव खदरी, चंदगीराम यादव,करन सिंह प्रधान, अरविंद उर्फ नीलू प्रधान,अमित शुक्ला पिडारी, विमला यादव,रूबी यादव, प्रीति प्रयाग,निधी यादव, अवधेश यादव आदि नें पगड़ी पहनकर स्वागत किया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से किसान पति की मौत,पत्नी और भाई घायल

चेतन जैन
जसवंतनगर/इटावा

बलरई थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर की मडेया में भूसा लादने के लिए खेतों पर किराए पर लेकर जा रहे ट्रैक्टर से एक किसान की हुई मौत दो लोग गंभीर घायल।

बताते चले शनिवार की अलख सुबह लगभग पाँच बजे गांव सकतपुर मडेया के रहने वाले 48 वर्षीय हुकम सिंह पुत्र रघुवीर सिंह किराए पर ट्रैक्टर करके अपने खेतों से भूसा लादने के लिए अपनी 45वर्षीया पत्नी सोमा देवी व 47 वर्षीय चचेरे भाई डाल चन्द्र पुत्र घनश्याम को साथ ले कर जा रहे थे जैसे ही ट्रैक्टर गांव से कुछ दूरी पर बीहड़ की तरफ गया वैसे ही ट्रैक्टर ड्राइवर ने ट्रैक्टर पर संतुलन खो दिया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिट्टी के टीले पर चढ़कर पलट गया जिसमें तीनों लोग दब कर गंभीर घायल हो गए और ट्रैक्टर चला रहा ड्राइवर मौके से भाग गया ट्रैक्टर पलटने की सूचना जैसे ही गांव में मिली तो गाँव के लोग एकत्रित होकर मौके पर पहुँचे और ट्रैक्टर के नीचे दबे हुए लोगों को निकाला जिन्हें परिजनों द्वारा घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने हुकुम सिंह को मृत घोषित कर दिया उक्त जानकारी मृतक के पुत्र संदीप द्वारा बताई गई। जिला अस्पताल से इसकी सूचना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची बलरई पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## खेत में भूंसा भरने गए युवक पर दो तेंदुओं ने किया हमला, 5 मिनट संघर्ष में बची जान, घायल का सीएचसी में चल रहा इलाज

लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चेभारती, ज़की सिद्दीकी। बहराइच जनपद के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। कतर्नियाघाट के अलग-अलग रेंजों से आएदिन तेंदुए के हमले की घटना लगातार प्रकाश में आ रही है।धर्मापुर रेंज में मौत की घटना व कतर्नियाघाट रेंज में किसान को घायल करने के बाद तेंदुए की लगातार तीसरी घटना मुर्तिहा रेंज से प्रकाश में आई है जहां सेमरी घटही गांव में अपने खेत में सुबह भूंसा भरने गए युवक राजू 28 पुत्र फ़कीरे पर खेत में छिपे दो तेंदुओं ने हमला कर दिया। इस बीच युवक ने साहस दिखाते हुए जान बचाने को लेकर तेंदुओं से भिड़ गया। इस दौरान करीब 5 मिनट चले संघर्ष के बाद तेंदुए युवक को घायल कर जंगल की ओर भाग गए। मदद की गुहार पर गांव के लोग एकत्रित हो गए जिन्होंने सूचना रेंज कार्यलय पर दी। जिसपर रेंजर रत्नेश यादव ने टीम के साथ पहुचकर घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी मिहीपुरवा भेजा और ग्रामीणों को सतर्क किया। रेंजर ने बताया कि गांव में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गयी है और युवक के बाजू और गर्दन पर चोंट आयी है जिसका इलाज वन विभाग की ओर से कराया जा रहा है।

## अराजकतत्वों द्वारा तोड़ी गयी अंबेदकर की पुलिस ने शुरू की जांच

कुठौंद (जालौन)। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गढ़गुआं में संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कल रात में किसी अराजकतत्वों के द्वारा प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना जैसे ही सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर को मिली वह तत्काल मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए घटना स्थल पर पहुंचते ही प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को लेकर मौके पर अक्रोशित ग्रामीणों को धैर्य का परिचय देते हुए ब्रजेश बहादुर सिंह ने समझाया बुझाया और आश्वासन दिया कि बाबा साहब की प्रतिमा हम स्वयं अपने पैसे से मंगवाकर कल ही ग्राम गढ़गुवा में स्थापित कर देंगे और जांच करके अराजक तत्वों की पहचान करेंगे साथ ही उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी ग्राम वासियों को न्याय दिलाएंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद उनका आक्रोश कम हुआ और उन्होंने तत्काल प्रभाव से बाबा साहब की नई प्रतिमा को मंगवाकर ब्रजेश बहादुर सिंह ने आज स्वयं गढ़गुवा जाकर प्रतिमा को उसी जगह पर पुनः स्थापित कराया। सिरसा कला थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह की कराए गए इस कार्य की क्षेत्र में हर जगह प्रशंसा की जा रही है और चर्चा का विषय बना हुआ है।

## भागवत कथा को सुनने से जन्म-मृत्यु के भय का होता नाश

जालौन (उरई)। सभी भक्त भागवत को अपने जीवन में उतारें ताकि लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। यह बात ग्राम जगनेवा में आयोजित भागवत कथा के समापन पर कथ व्यास ने कही। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जगनेवा में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित गौरव कृष्ण शुक्ला शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। सुदामा चरित का वर्णन करते हुए कहा कि गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर न चाहते हुए भी द्वारिका जाने को तैयार होते हैं। सुदामा को कृष्ण से मिलने से द्वारपाल रोकता है। लेकिन जब द्वारपाल श्रीकृष्ण को गरीब ब्राह्मण के द्वार पर खड़े होने की सूचना देता है तो वह व्याकुल होकर नंगे पैर ही उनसे मिलने के लिए द्वारा पर पहुंच जाते हैं और वहां से लाकर उन्हें सिंहासन पर बैठाते हैं। बिना मांगे ही उन्हें धन्य धान्य से परिपूर्ण कर दिया। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण ढंग से किया जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। कहा कि धार्मिक आयोजनों से व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। श्रीमद् भागवत संपूर्ण सिद्धांतों का निष्कर्ष है। भागवत कथा को सुनने से जन्म-मृत्यु के भय का नाश होता है। मन की शुद्धि के लिए श्रीमद् भागवत से बढ़कर कोई साधन नहीं है। भक्ति, ज्ञान, वैराग्य तथा से त्याग की प्राप्ति होती। इस मौके पर पारीक्षित रामदास साहू फौजी, कृष्णा देवी, रूपनारायण द्विवेदी, रामकेश साहू, गोविंद द्विवेदी, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, उमाशंकर, विशाल, हरनारायण साहू, सुशील, रामप्रकाश, ओमप्रकाश, राजेश, राहुल, लकी, बुद्धे साहू, अरविंद पांडेय, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जनसेविका पूजा शुक्ला ने बच्चों के साथ निकाली मतदाता जागरूक रैली

कुठौंद (जालौन)। शनिवार को क्षेत्र में श्री राम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुठौंद के साथ बच्चों के साथ क्षेत्र की गांव गली में माताओं बहिनों, बुजुर्गों, युवाओं को जनसेविका पूजा शुक्ला ने बताया की चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है देश के निवासी चुनावो के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं, मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता मतदान अधिकार का एक मौलिक अधिकार है यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधिओ का चुनाव करते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मत अधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें मतदान के माध्यम से हम समझ में बदलाव ला सकते हैं हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में विकास का समाज हो हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में बदलाव लाएं राष्ट्रहित के लिए, अपने क्षेत्र के होने वाले लोक सभा चुनाव 20 मई को आप सभी मतदाता का एक-एक वोट देशहित के लिऐ बहुत ही मूल्यवान है, इसलिए पहले मतदान फिर जलपान प्रत्येक मतदाता मतदान (वोट) अपने-अपने बूथ पर जाकर अवश्य करें। मतदाता जागरूक रैली में अमित नीखरा, प्रबंधक डॉक्टर अनुराग सुहानी प्रधानाचार्य नेहा गुप्ता, संरक्षक संरक्षक अशोक कुमार सोहने, बेबी गुप्ता, गिरीश गुप्ता, अमित गुप्ता, लालजी मिश्रा, अनुराग सोहने, एंजिल शुक्ला, वरुण शुक्ला श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के अध्यापक, अध्यापिका व विद्यार्थीगण साथ में उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु वनाधिकारियों ने नंदन वन में रोपित पौधों का अध्ययन किया

कालपी (जालौन)। शनिवार को प्रशिक्षण पा रहे वनाधिकारियों ने नगर स्थित नन्दन वन का दौरा किया इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण तथा उनके रखरखाव के तरीकों का बारीकी से अध्ययन किया। वन प्रशिक्षण संस्थान कानपुर के प्रभागीय वनाधिकारी प्रशिक्षण की अगुआई में संस्थान में प्रशिक्षु वनाधिकारियों का दल ने शनिवार को जंगल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत क्षेत्र स्थित वन क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी संजय यादव द्वारा उन्हें जंगल क्षेत्र में विभाग द्वारा जंगल की बृद्धि एवं रखरखाव के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियो ने जंगल भ्रमण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के अलावा जंगली जानवरों की पहचान के साथ अन्य जानकारियां भी थी। इस दौरान उन्हें जंगल में विलायती बबूल की उपयोगिता की भी जानकारी देते हुए कहा कि वैसे तो यह पेड़ नमी को खीचता है। लेकिन इसकी मौजूदगी से रोपित पौध की सुरक्षा भी होती है इसलिए जंगल में इनकी उपलब्धता भी आवश्यक है। इस मौके पर प्रशिक्षु वनाधिकारियों ने रेंज परिसर स्थित विभाग की नर्सरी के साथ नन्दन वन में रोपित पौधों का भी अध्यन किया और जमीन पर कार्य करने वाले विभागीय कर्मचारियों से विभागीय कामकाज की अन्य बारीकिया भी जानी। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रेंज मे पदस्थ अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## अज्ञात चोर घर में घुसकर चुरा ले गये जेवरात व नकदी

कोंच (जालौन)। जयप्रकाश नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी कलूटे यादव पुत्र रामसिंह के घर में शुक्रवारध्शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घुसकर अलमारी में रखे 2 लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात और 8 हजार रुपये नगदी पार कर दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिजन गर्भवती बहू का प्रसव कराने के लिए उरई स्थित अस्पताल गए हुए थे। चोरी हुए जेवरात कलूटे की विवाहित बेटी के हैं जो अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने मायके आयी हुई है। वहीं उक्त घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक अजयब्रह्म तिवारी का कहना है कि घटना फिलहाल संदिग्ध नजर आ रही है। घटना को संज्ञान लेकर गहरायी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# टक्कर से तीसरे सवार की मौत, बोलेरो चालक फरार

बांदा-सब्जी बेचकर घर लौट रहे मोटरसाइकिल की बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया था। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। कस्बा निवासी 21 वर्षीय गुलाम मोहम्मद पुत्र हुसैन अली, 14 वर्षीय रज्जू पुत्र हुसैन अली, 21 वर्षीय कमलेश पुत्र केदार साहू तीनों निवासी कमासिन के थे। मुसीवां गांव से बाजार से सब्जी बेचकर कर गुरुवार शाम अपने घर कमासिन एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे थे। इधर कमासिन की ओर से जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। घटना सिकरी गांव के पास की है। बोलेरो की जबरदस्त टक्कर से तीनों मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरे। गुलाम का बड़ा भाई गोरी मुसीवां बाजार से ही अपनी निजी पिकअप से घर वापस आ रहा था कि रास्ते में हादसा देख गोरी ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी जिससे मौके पर पहुंचकर पुलिस ने हादसे के शिकार तीनों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उपचार दौरान गुलाम मोहम्मद और कमलेश को मृत घोषित कर दिया। रज्जू की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक रज्जू विनोबा इंटर कॉलेज में आठवीं का छात्र था। मृतक कमलेश व गुलाम मोहम्मद की घरेलू आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण हाई स्कूल, आठवीं पास कर पढ़ाई बंद कर कमाई में जुट गए थे। रज्जू की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल से डॉक्टरों द्वारा रज्जू को कानपुर रेफर किया गया। परिवारिजन हुसैन अली ने बताया कि कानपुर ले जाते समय बिंदकी के समीप रज्जू ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि तीनों युवक सब्जी बेचने का धंधा करते थे। सब्जी की कमाई से ही परिवार का भरण पोषण होता था। पिता हुसैन अली ने बताया कि बड़े भाई गोरी के बाद गुलाम मोहम्मद एवं रज्जू तीन भाइयों में क्रमशः दूसरे तीसरे नंबर के थे। दोनों भाइयों की शादियां नहीं हुई थी। अब अकेला गोरी ही अपने परिवार की आंख का तारा है। मृतक कमलेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। तीनों अविवाहित युवकों की मौत की खबर से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दो सगे भाइयों की मौत से मृतक गुलाम मोहम्मद व रज्जू की मां जरीनाबानो का रो रो कर बुरा हाल है। कमलेश की मौत से पिता केदार साहू व मां का बुरा हाल है। मौत की खबर सुन केदार रह रहकर बेहोश हो जाता है। इस घटना से पूरे कस्बे में शोक की लहर है। यह दर्दनाक घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। इधर पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने बताया कि बोलेरो चित्रकूट जनपद की है। दुर्घटना बाद से ड्राइवर मौके से फरार है। जिसको तत्काल गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

## हस्तम गांव में लगी आग, बकरी जली



बांदा-उपजिलाधिकारी अतर्रा रावेंद्र सिंह ने बताया कि तहसील अतर्रा के ग्राम हस्तम में अचानक आग लग गई थी। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर स्वयं पहुंचकर दमकल की गाडियों के द्वारा आग को बुझाने की कार्यवाही की। मौके पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एंबुलेंस सहित अन्य व्यवस्थायें भी सुनिश्चित की गयी। ग्राम में आग को फैलने से समय रहते कार्यवाही कर आग को बुझा दिया गया है। किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। छेदीलाल पुत्र स्वामीदीन की एक बकरी आग से प्रभावित हुई है। उसके मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर खंड विकास अधिकारी महुआ, सब इंस्पेक्टर रामरक्षा सिंह थाना बिसंडा भी मौजूद रहे।

## टाप टेन अपराधी चोरी के सामान सहित गिरफ्तार



बांदा-लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वारंटी की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा एक टॉप-10 अपराधी फूल सिंह पुत्र गंभीरा सिंह नि0 महावीरन डेरा मजरा गड़रिया थाना जसपुरा को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेजा गया। इसी तरह थाना नरैनी क्षेत्र के सुभाष नगर कस्बा में भोला प्रसाद के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 19-20 अप्रैल की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। तहरीर के आधार पर थाना नरैनी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल वांछित संजय कुशवाहा पुत्र रामआसरे निवासी शिशु मन्दिर स्कूल के पास अतर्रा चुंगी थाना कोतवाली नगर को ग्राम पड़मई जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी के सामान 1 अदद् चेन पीली धातु, 1 अदद् अंगूठी पीली धातु, 1 अदद् नाक की नथनी, 1 मोबाइल फोन, 255 रुपये नगद बरामद हुए है। 3 मई कोघटना में शामिल 2 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## मोदी के रोड शो में शामिल हुए टीएसएच के खिलाड़ी



कानपुर शनिवार को शहर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिये द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में ईडब्लूएस वर्ग में खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 115 बच्चे भी पहुंचे। सभी बच्चों ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया। बच्चों का कहना था कि प्रधानमंत्री जी की पहल पर ही कानपुर नगर निगम, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से आर्यनगर में संचालित द स्पोर्ट्स हब में ईडब्लूएस वर्ग के बच्चों को जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, स्विमिंग, शूटिंग, बास्केटबाल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बाक्सिंग, कुश्ती जैसे खेलों का स्तरीय कोचों के द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण मिल रहा है। टीएसएच के सभी बच्चों को गुमटी बाजार में बने बूथ संख्या 4 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर मिला। बच्चे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामने देखकर फूले नहीं समाए और टीएसएच द्वारा प्रदान किये गये अवसर से गदगद दिखे।

## आठ पर हुयी निरोधात्मक कार्यवाही



बांदा-जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने को निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना कालिंजर द्वारा 5, थाना चिल्ला द्वारा 2 व थाना मरका पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। थाना कालिंजर पुलिस ने पप्पू पुत्र रामकुमार रैकवार निवासी तरहटी, सुरेश पुत्र पप्पू रैकवार निवासी तरहटी, लालबाबू पुत्र श्यामलाल निवासी जमवारा, छोटू भईया पुत्र रामप्रताप यादव निवासी परसहर, बाबू पुत्र भुरिया कुशवाहा निवासी कटरा कालिंजर को हिरासत में लिया गया। इसी तरह थाना चिल्ला पुलिस द्वारा सलमान पुत्र समसुद्दीन खान निवासी लौमर, नईम खान पुत्र हबीब खान लौमर को गिरफ्तार किया गया। थाना मरका पुलिस द्वारा निर्मल सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी काजीटोला थाना मर्का को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## ओम शिव सिंह 22 अप्रैल को बाइक से पढ़ाई के लिए महाविद्यालय के लिए निकला आज तक नही पहुंचा घर



लोक जन संदेश।

बहराइच, आफ़ताब आलम, ज़की सिद्दीकी। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के डढ़ाइला गांव निवासी एक युवक बाइक से 22 अप्रैल को बाराबंकी पढ़ने के लिए गया था। लेकिन छात्र न पढ़ाई के लिए महाविद्यालय गया और न ही घर। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के डढईला गांव निवासी ओम शिव सिंह बाराबंकी के भगवान दास सर्वेश्वर महाविद्यालय रामनगर में पढ़ाई करता है। ओम शिव सिंह 22 अप्रैल को बाइक से पढ़ाई के लिए महाविद्यालय के लिए निकला था लेकिन उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा बाइक और मोबाइल भी गायब है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और जिलाधिकारी मोनिका रानी को छात्र की मां प्रीति सिंह ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि स्कूल में भी बेटा नहीं पहुंचा और पुलिस ने केस भी दर्ज नहीं किया है। ऐसे में गायब बेटे का कोई सुराग नहीं लग रहा है। प्रीती सिंह का कहना है कि कैसरगंज पुलिस द्वारा अब तक गुमशुदगी का केस भी दर्ज न करना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर डीएम ने मतदाता पर्ची वितरण कार्य का लिया जायज़ा



लोक जन संदेश।

बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में स्थापित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों से मोबाइल पर वार्ता कर जिले में मतदाता पर्ची वितरण कार्य की प्रगति का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराया जाए ताकि 13 व 20 मई 2024 को जनपद में होने वाले मतदान में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेंद्र द्विवेदी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## तमंचा के साथ गिरफ्तार

बांदा-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम पल्हरी से रोहणी पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी पल्हरी थाना नरैनी को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

## मतदाता जागरुकता के लिए आयोजित हुआ रन फॉर वोट कार्यक्रम (नेपाल सीमा पर लखीमपुर से श्रावस्ती के बीच दौड़े हज़ारों धावक)



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। लोकसभा चुनाव में गिर रहा मतदान प्रतिशत चिंता का विषय बना हुआ है हालांकि इस प्रतिशत को बढाने के लिए चुनाव आयोग के द्वारा देश मे नए नए प्रयास किये जा रहे है। जनपद बहराइच में जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने नेपाल की सीमा पर एक सौ दस किलोमीटर का रन फॉर वोट कार्यक्रम आयोजित किया ताकि इसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा सके,और मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके, मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लखीमपुर खीरी की सीमा से लेकर धावकों ने मशाल लेकर श्रावस्ती की सीमा तक एक सौ दस किलो मीटर की दौड़ लगाई और सभी को जागरूक किया, नेपाल की सीमा से सटे आयोजित किये गए इस कार्यक्रम मे जिले के लाखों लोगों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद बहराइच के साथ नेपाल की 110 किलोमीटर की सीमा लगती है इसी को देखते हुवे मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया इसमें 110 बच्चों ने दौड़ लगाई हर एक बच्चे ने एक किलो मीटर की दौड़ लगाई एक घण्टे की भीतर 110 किलो मीटर की दूरी तय की गई आज लाखों मतदाओं ने मतदान की शपथ ली हस्ताक्षर अभियान चलाया गया इसका मुख्य उद्देश्य हमारी जो तीन विधान सभा हैं बलहा, नानपारा और मटेरा वहां पर मतदान का प्रतिशत का बढ़ाने के लिए जागरूकता का कार्यक्रम चलाने का इसका मुख्य उद्देश्य था। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं जनपद वासियों को बधाई देती हूं कि यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा गांव गांव में लोगों ने धावकों का स्वागत किया और हमारे ग्रामीण क्षेत्र की जो प्रतिभा हैं जो बच्चियां हैं जो बच्चे हैं उन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया उन्होंने 56 बहराइच के मतदाताओं से अपील की कि 13 मई को जरूर मतदान करें।

## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी का व्यय प्रेक्षक ने किया भ्रमण

लोक जन संदेश।

बहराइच, ज़की सिद्दीकी, ब्यूरो। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरुगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई फ्लाइंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने रामगांव चौराहा पर तैनात एस.एस.टी. मुखिया अजय कुमार सिंह, गढवा चौराहा पर एफएसटी मुखिया संजय कुमार मौर्या, रमवापुर तिराहा पर तैनात एस.एस.टी. के प्रमुख आनन्द कुमार तथा बहराइच-सीतापुर मार्ग स्थित चहलारीघाट पुल पर एफएसटी मुखिया विशाल कौशल से टीमों द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आयोग की मंशानुरूप कार्य करते हुए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाइजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने ईवीएम कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण



लोक जन संदेश।

बहराइच, इसराइल खान, ज़की सिद्दीकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग का कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय व पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी ने शुक्रवार को देर शाम नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने विधानसभावार स्थापित किये गये काउण्टरों पर जाकर कमिशनिंग कार्य को देखा तथा मौके पर मौजूद जिलाधिकारी मोनिका रानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# 101 वर्षीय सुखदेई बेल्ट पेपर से डालेगी वोट 100 वर्षीय चंद्रमुखी पहुंचेगी स्कूल: सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुलजार मलिक

(सुमित गर्ग/जींद)

उचाना के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुलजार मलिक उचाना कलां निर्वाचन क्षेत्र के गांव खापड़ में 101 वर्षीय बूथ नंबर 213 की वयोवृद्ध वोटर सुखदेई पत्नी ज्ञानी राम के घर द्वार जाकर मिले और उनके स्वास्थ्य के बारे कुशलक्षेम पूछा, चलने फिरने में लाचार श्रीमती सुखदेई ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम को कहा कि मैं अपना वोट घर से ही डालूंगी मुझे बेल्ट पेपर मुहैया करवाया जाए। एसडीएम इसी गांव की 100 वर्षीया चंद्रमुखी पत्नी मातु राम से भी मिले और लोकसभा चुनाव के दौरान उनसे वोट डालने की अपील की, जिस पर उन्होंने वोट डालने को लेकर अपनी सहमति जताई और अन्य



लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं आगामी 25 मई को मतदान के दिन गांव के स्कूल में स्थापित अपना बूथ नंबर 214 में खुद वोट डालने जाऊंगी, उन्होंने कहा कि इसी बहाने मैं गांव की अन्य महिलाओं से भी मिलूंगीं।एसडीएम ने बताया कि 100 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से मिलने और बात करने में एक अलग ही आनंद की प्राप्ति हुई। ये वृद्ध हमारे समाज की धरोहर हैं। हमारे लोकतंत्र की खासियत ही यह है कि युवा से लेकर हमारे बुजुर्ग बढ़-चढ़कर के 100 प्रतिशत मतदान की ओर अग्रेषित हों, निर्वाचन आयोग का भी यही उद्देश्य है। तत्पश्चात एसडीएम उचाना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंगरा में पहुंचे जहां विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत मतदान में अपनी भूमिका निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बीआरसी रणपाल श्योकंद, विद्यालय प्रभारी गुलशन कुमार,सांस्कृतिक सचिव मास्टर राम प्रसाद, ओम प्रकाश, बलजीत, रोहतास कुमार, मनदीप कुमार, इंदिरा देवी, रेखा सुनीता, अनीता, पवन कुमार मौजूद रहे।

# एल्विश यादव पर ईडी कसेगा शिकंजा, इस मामले के तहत दर्ज हुई एफआईआर



(लोकजन संदेश/गुरुग्राम)

Bigg Boss OTT 2 विजेता और प्रसिद्ध यूट्यूबर एल्विश यादव के सामने एक और नई मुसीबत आन खड़ी हो गई है. प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने गौतम बुद्ध नगर पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज सांपों के जहर सप्लाई मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है. इस मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था, लेकिन 5 दिन बाद ही उन्हें जमानत मिल गई थी.ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी की लखनऊ यूनिट ने रैकेट में शामिल बड़ी मात्रा में धन को देखते हुए सांपों के जहर सप्लाई मामले में एल्विश यादव और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. उन्होंने कहा कि ईडी की टीम एल्विश यादव और पुराने मामले में शामिल अन्य लोगों से पूछताछ कर सकती है।अब ईडी इस मामले में बड़े कार्रवाई की तैयारी में है. ईडी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सांपों का जहर एनसीआर के नामचीन होटलों, क्लबों, रिसॉर्ट्स और फार्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में उपलब्ध कराया जाता था. अब ईडी के अधिकारी इन्हें चिह्नित कर संचालकों को तलब करके पूछताछ करेंगे।सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, श्वष्ठ की टीम एल्विश यादव के पास मौजूद महंगी कारों के काफिले के बारे में भी जांच करेगी. साथ ही, एल्विश यादव के साथ- साथ बड़े होटल रिसॉर्ट्स और फार्म हाउस के मालिकों से भी पूछताछ होगी।

## संक्षिप्त समाचार

# जे. एल. एन. स्कूल में विश्व प्रेस स्वतंत्र दिवस पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में तनिष्क शर्मा के साथ अनन्य और प्राची प्रथम

(सुमित गर्ग/गोहाना)

लोकजन संदेश शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जे. एल. एन. स्कूल में शुक्रवार को विश्व स्वतंत्र प्रेस दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता राजनेता की भूमिका में छात्र तनिष्क शर्मा को प्रथम घोषित किया गया। पत्रकार की भूमिका में प्रथम स्थान पर अनन्य और प्राची रहे ।वाद-विवाद प्रतियोगिता का मार्गदर्शन स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एम. डी. सुनील शर्मा और प्रिंसिपल डॉ. सचिन शर्मा ने किया । निर्णायक मंडल में स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सूरत शर्मा और सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा रहे । लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तीन ग्रुप बनाए गए।ये ग्रुप, कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के थे। प्रिंसिपल डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा व्यवसाय है ।प्रतियोगिता के संचालन में शिक्षक सुशील मलिक, अश्विनी सरोहा और विकास कुमार का विशेष सहयोग रहा ।

# ट्यूबवेल तार चोरी के मामले मे 1 आरोपी को लिया हिरासत में , चौरी की गई केवल बरामद



(सुमित गर्ग/जींद)

पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार द्वारा चोरी की वारदातों को सुलझाने और चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए सफीदो पुलिस ने तार चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल उर्फ छोटा वासी रामपुरा रोड सफीदों के रूप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जसविंदर सिंह वासी छापर ने सफीदो थाना में एक शिकायत दी की उसके खेत की ट्यूबल केबल चोरी हो गई । पुलिस ने चोरी के संबंध में मामला दर्ज करके मामले में कार्रवाई शुरू की गई।तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज दो दिन में एसआई दीपक ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी विशाल को सफीदो से काबू करके चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया। आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई जिस दौरान आरोपी ने चोरी की गई ट्यूबवेल की केवल को बरामद करवा दिया गया है आरोपी से अन्य मामलों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

# देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए बना इंडिया गठबंधन : अविनाश पांडेय

दैनिक लोकजन संदेश

सुल्तानपुर देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए देश में इंडिया गठबंधन बनाया गया है, गठबंधन के दर्जनो दलों के साथ मिलकर देश में संविधान बचाने की चुनौती को कांग्रेस ने स्वीकार किया है जनता के चहुंमुखी विकास को लेकर जनता की राय से कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र बनाया है राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में गरीबों का जीवन स्तर व सम्मान बढ़ाने की शुरू हुई लड़ाई में ये लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है।उक्त बातें कांग्रेस,आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी,आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी व भारतीय किसान यूनियन अंम्बावता के कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक में पहुंचे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कही। जिले में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने भव्य स्वागत किया।सपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद की मौजूदगी में श्री पांडेय ने कहा बूथ पर इंडिया गठबंधन के साथ मजबूती से मतदान करा कर राहुल गांधी के संकल्प को आत्मसात करने की आवश्यकता है।पार्टी के घोषणा पत्र को जनता के बीच ले जाकर उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी संगठन के कार्यकर्ताओं व नेताओं की है।भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर जनता से मिले सुझावों को लेकर कांग्रेस ने घोषणा पत्र बनाया है।जनता के घोषणा पत्र मे कांग्रेस देश के 140 करोड़ जनता को न्याय गारंटी दे रही है।रोजगार की गारंटी सामाजिक न्याय की गारंटी महिलाओं के सम्मान की गारंटी आर्थिक न्याय की गारंटी राहुल जी के नेतृत्व में पूरे देश में इसे कानूनी रूप



से अमली जामा पहनाने के लिए देश में बदलाव जरूरी है। भारत में कांग्रेस द्वारा लाई गई पांच गारंटियां देश के विकास का ऐतिहासिक कदम होगा वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र को खोखला दावा बताया। कहा स्वयं प्रधानमंत्री उस पर चर्चा करने से बच रहे हैं वह केवल इंडिया-पाकिस्तान हिंदू मुसलमान और कांग्रेस को गालियां देने के बहाने देश की जनता को असली मुद्दों से दूर ले जा रहे हैं वह फर्जी और झूठ का आडंबर करके जनता को ठगने का एक बार फिर असफल प्रयास कर रहे हैं।जनता के सवालों से प्रधानमंत्री और उनके लोग भाग रहे हैं।कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव व प्रयाग जोन के प्रभारी राजेश तिवारी, पूर्व मंत्री मुईद अहमद, जगदीश सिंह, जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, ओम प्रकाश सिंह, राजेश तिवारी,वरुण मिश्रा,अमोल बाजपेयी, लाल पद्माकर सिंह, हरीश त्रिपाठी,दिलीप मिश्र, अरुण त्रिपाठी, कम्युनिस्ट पार्टी के नरोत्तम शुक्ला समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नफीस फारूकी ने किया।

# किसान भाई मई-जून माह में खेतों की गहरी जुताई करने से न चूके

उरई (जालौन)। जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जनपद के कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि खरीफ सीजन शुरू होने में मात्र कुछ माह बचे है इस समय रबी फसलों की कटाई हो चुकी है खेत खाली हो चुके है किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मई-जून माह में अपने खेतों की गहरी जुताई करें इससे न केवल खेत में मौजूद हानिकारक कीट नष्ट हो जाते है बल्कि मौजूद फसल अवशेष सड़कर खाद बन जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है जिससे मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है जो फसलों की बढ़वार के लिए उपयोगी होती है। मृदा के अन्दर छिपे हुये हानिकारक कीड़े-मकोड़े उनके अण्डे लार्वा प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज गहरी जुताई के बाद सूर्य की तेज किरणों के सम्पर्क में आने से नष्ट हो जाते है तथा जमीन में वायु संचार बढ़ जाता है जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है साथ ही किसान भाइयों को अवगत कराना है कि मेडों पर उगने वाले खरपतवारो की साफ सफाई से किनारों की प्रभावित फसलों के बीज खाद एंव उर्वरकों की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है तथा बोयी जाने वाली फसल में खरपतवारों को फैलने से रोका जा सकता है तथा मेडो की साफ सफाई से हानिकारक कीटो एवं जीवो के आश्रय नष्ट हो जातें है साफसफाई करना कीट एवं रोगों के नियंत्रण की आधुनिक विद्या एकीकृत नाशीजीव प्रवन्धन (आई0पी0एम0) के अन्तर्गत परम्परागत विधियों को अपनायें एवं गर्मी में गहरी जुताई के उपरान्त मृदा में पाये जाने वाले हानिकारक जीवाणु (इरवेरिया, राइजोमोनास, स्ट्रेप्टोमाइसीज आदि), कवक फाइटोफाथोरा, राइजोकटोनिया आदि एंव अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीव मर जातेंश् है जो फसलो में बीमारी के प्रमुख कारण हेतु है। ग्रीष्मकालीन कीट रोग एवं खरपतवार प्रबन्धन मानसून आने से पूर्व भूमिशोधन एवं बीजशोधन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि भूमि शोधन के लिए 2.50 किग्रा ब्यूवेरिया बैसियाना एवं 2.50 किग्रा ट्राइकोडर्मा (हरजेनियम) को 60-65 किग्रा गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर किसी छायादार स्थान के नीचे भीगे हुये जूट के बोरे से ढ़क कर प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा पानी से नमी बनाये रखें। 10 दिन के बाद बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर भूमि में छिड़कर जुताई करें तथा फसल के बीजों को बोने से पूर्व बीजशोधन के लिए 250 ग्राम थीरम अथवा 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा (हरजेनियम) अथवा 2-2.50 ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज की दर से प्रयोग करें जिससे कीट एवं रोगों के नियंत्रण के साथ ही उत्पादन में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि कृषि विभाग उप्र के कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा फसलों में कीटध्रोग सम्बन्धी समस्या के समाधान हेतु सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली (पीसीएसआरएस) एक नवीन प्रणाली शुरू की है इसमे विभाग द्वारा दो नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 दिये गये है इन नम्बरों पर आप अपना कृषक पंजीकरण नम्बर या अपना नाम, ग्राम का नाम, विकासखण्ड का नाम एवं फसल में लगने वाले कीटध्रोग से सम्बन्धित समस्या उपरोक्त नम्बरों पर एसएमएस, व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर अपनी समस्या का समाधान 48 घण्टे के अन्दर प्राप्त कर सकते है। साथ ही सभी कीटनाशक विक्रेताओं से अपेक्षा है कि वे अपनी दुकान के बाहर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड अवश्य लगायें। प्रत्येक कृषक को कैश मैमों जारी करें। कृषकों को कृषि रक्षा रसायनों के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयोग विधि निर्देशो की भी जानकारी से अवगत करायें एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 के अंतर्गत सुसंगत नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें।

# खल बिनौला फैक्ट्री के मालिक को पिस्तौल का भय दिखाकर पैसे की डिमांड करने के आरोप मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद पुलिस ने खल बिनौला फैक्ट्री के मालिक को पिस्तौल का भय दिखाकर पैसे मांगने के आरोप में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपों की पहचान अजय कटारिया उर्फ अज्जू वासी मियां बस्ती चिका जिला कैथल के रूप में हुई है।जानकारी देते हुए थाना सदर नरवाना प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि दिनांक 07/03/2024 को प्रवीन वासी धरौदी ने थाना सदर नरवाना में एक शिकायत दी थी कि वह अपने खल के मील के अंदर बैठा हुआ था तभी दो आदमी मोटरसाइकिल पर आए जिन्होंने इसके साथ हाथा-पाई शुरू कर दी और उसके ऊपर पिस्तौल तान दिया। जिस पर पुलिस ने थाना सदर नरवाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। उन्होंने बताया कि मुख्य सिपाही संजय के नेतृत्व में एक टीम का गठन करके वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश की गई जिस दौरान 21-03-2024 को वारदात में शामिल कर्मवीर उर्फ विक्की वासी धरौदी तहसील नरवाना जिला जींद को अभियोग में शामिल जांच करके गिरफ्तार किया था जिसका 2 दिन पुलिस अभी रक्षा डिमांड हासिल करके घंटा से पूछताछ की गई अभियुक्त कर्मवीर ने घटना के बारे में खुलासा किया तथा अपने साथी अजय उर्फ अज्जू वास मियां बस्ती का जिला कैथल व कपिल वासी धरोदी के बारे में खुलासा किया था। आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया था।उन्होंने बताया कि वांछित अभियुक्त अजय कटारिया उर्फ अज्जू को कैथल में एक मामले में गिरफ्तार कर लिया था जिसको दिनांक 03-05-2024 को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उपरोक्त मामले में शामिल जांच करके गिरफ्तार किया गया है जिसका एक दिन का पुलिस अभिरक्षा रिमांड लेकर गहनता से पूछताछ की गई जिसे आज अदालत में पेश करके जेल में भेज दिया गया है।

# कार्यकत्रियों के हाथों में मेहंदी लगा मतदाताओं को जगाने का काम किया

कोंच (जालौन)। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। 20 मई को मतदान करने के लिए मतदाताओं को जगाने का लगातार कार्य किया जा रहा है। शनिवार को नदीगांव ब्लॉक में आंगनवाड़ी महिला कार्यकत्रियों के हाथों में मेहंदी लगा कर मतदाताओं को जगाने का काम किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद जालौन में आगामी 20 मई को वोट डाले जाएंगे। अधिकाधिक वोटर अपने अपने पोलिंग बूथों पर जाकर मतदान का हिस्सा बन सकें इसके लिए मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के तहत जगाने का काम विभिन्न तरीकों से किया जा रहा है और तमाम तरह की गतिविधियां अपनाई जा रही हैं। नदीगांव ब्लॉक में आंगनबाड़ी से जुड़ी सभी महिला कर्मचारियों के हाथों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न संदेश जैसे 20 मई वोट करो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि लिखकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सरेआम शराब पीकर ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते 4 आरोपी धरे गए , जुआ पर लगाए 1270 रुपये भी बरामद

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद सफीदों थाना शहर के अंतर्गत बस स्टैंड से चार आरोपियों को जुआ खेलते हुए दबोचा है।काबू किए गए आरोपियों की पहचान बिट्टू वासी खेड़ा खेमावती, अमित वासी वार्ड नंबर 3 सफीदों, विनोद खेड़ा खेमावती, प्रताप वासी मलार के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सफीदो पुलिस की टीम अपराधों की रोकथाम केलिए बस स्टैंड सफीदो के पास मौजूद थी कि पीएसआई कुलदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि चार व्यक्ति रोड पर बने टैक्सी स्टैंड में अंधेरे में बैठकर शराब पीकर रूपये लगाकर ताश खेल रहे हैं जिस सूचना पर रैडिंग पार्टी तैयार करके जींद रोड पर स्थित टैक्सी स्टैंड के पास पहुंचकर स्टैंड के पास बनी दीवार की आड़ लेकर छूप कर देखा और सुना चार व्यक्ति आपस में जुआ खेल रहे थे जो पहले व्यक्ति ने कहा मेरी ?100 की चाल दूसरे ने 150 रुपए की चाल तीसरे की 180 की चाल और चौथे ने 200 की चाल के बारे कह रहें थे जिनको तुरन्त प्रभाव से चारों बैठे हुए व्यक्तियों को काबू कर लिया आरोपियों से गहनता से पूछताछ करके तलाशी लेने पर उनके पास से कुल कुल 1270 रुपए बरामद हुए। जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सफीदो में जुआ व आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# किस की शह में बढ़ रहे अवैध वेंडर, 10 माह में पकड़े 1205 वेंडर

## ट्रेन के स्लीपर कोच से लेकर एसी कोच में खाने के अलावा रोजमर्रा की चीजे बेचते अवैध वेंडर

## अवैध वेंडरों का अड्डा बना नाथू सिंह का फ़ूड प्लाजा




कानपुर । प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बने नाथू सिंह का फ़ूड प्लाजा अवैध वेंडरों का अड्डा बना हुआ है। सूत्रों की माने तो यहां अधिकारियों के खास नज़रे करम के चलते कभी कोई कार्रवाई नही हुई है। इसके कारण संचालक नाथू सिंह के हौसले बुलंद है। यही से अवैध वेंडरों का रेला चलता है, जो अलग अलग प्लेटफार्म पर पहुँच कर खाना देते है। वही सूत्रों की माने तो संचालक नाथू सिंह के फ़ूड प्लाजा पर 30 वेंडर विभाग द्वारा दिये गए हैं। लेकिन बावजूद इसके संचालक नाथू सिंह ने खुलेआम बड़ी संख्या में अवैध वेंडरों के जरिये उगाही कर रहा है। सूत्रों की माने तो संचालक नाथू सिंह के पास केवल 30 वेंडर की अनुमति है, लेकिन करीब 100 से 150 वेंडर चलवा रहे हैं जिसमें खाना, चाय, समोसे, पानी, कोल्ड ड्रिंक तय दामों से अधिक यानि %ओवर चार्जिंग% पर बेची जा रही है।

## रेलवे हेल्पलाइन 183 या 139 पर करें शिकायत

कानपुर। यात्रियों को प्रतिबंधित सामान, शराब, नशीले पदार्थ व नकदी आदि की सूचना तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 183 या 139 पर देने की जानकारी दी गई है। बता दें कि पिछले माह अवैध तरीके से खानपान सामग्री व पानी बेच रहे वेंडरों में भगदड़ मच गई थी। दौड़ाकर पांच को पकड़ा गया था । आरपीएफ के मुताबिक आधा दर्जन टीमें जांच के लिए सेंट्रल स्टेशन पर लगाई गई हैं।

## इस तरह पहुँचता है सड़ा- गला खाना

कानपुर । गोविंदपुरी, झकरकटी, गंगा ब्रिज वाया किनारा, चंदारी रेलवे स्टेशनों के आउटर पर पहुंचने के बाद ट्रेनों के धीमे होते ही अनाधिकृत वेंडर कोच में पहुंच जाते हैं। वहां ये लोग खानपान सामग्री का आर्डर लेते हैं। इसके बाद दूसरी टीमों से फोन पर बातचीत कर उन्हें सामग्री नोट करा देते हैं। ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पहुंचने तक वह खाना पैक होकर संबंधित कोच में पहुंचा दिया जाता है। इनके पास कोई मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण खान पान सामग्री खराब होने की आशंका रहती है। अब इनकी धरपकड़ के लिए आउटर पर भी टीमें लगाई गई हैं।

## पिछले माह प्लेटफार्मों में हुई थी छापेमारी

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट की टीमों ने पिछले माह अप्रैल में तड़के ट्रेनों व सभी प्लेटफार्मों में छापेमारी की थी। इस दौरान कई वेंडर बासी खाना फेंक कर भाग निकले थे। खराब खान पान सामग्री बेचकर हजारों यात्रियों के लिए खतरा बने अनाधिकृत वेंडरों की जांच में पांच की गिरफ्तारी भी हुई थी। साथ ही इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। अब रेलवे कोर्ट प्रयागराज के माध्यम से जुर्माना वसूला जाएगा।

- स्टेशन पर खुलेआम बेचा जा रहा खराब गुणवत्ता का खाना,
- सेंट्रल स्टेशन पर कई स्टॉलो में वैध के साथ अवैध वेंडर भी काम कर रहे हैं
- हाल ही में हुई छापेमारी में खुला था अवैध वेंडर का खेल
- गिरोह फिर हुआ सक्रिय, यात्रियों के स्वास्थ्य से हो रहा खुलेआम खिलवाड़

**लोकजन संदेश**

कानपुर । सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के नाम पर सिर्फ कागजों में रिकार्ड दुरूस्त हो रहे हैं। हालात यह है कि ट्रेनों में गंदे बेडरोल, कॉकरोच और खटमलों ने पहले ही यात्रियों का सफर दूभर कर रखा है और इन दिनों ट्रेनों से लेकर स्टेशन पर चल रहे अवैध वेंडर भी यात्रियों को परेशान कर रहे हैं। कमर्शियल विभाग ने हर स्टॉल संचालक को निश्चित वेंडर दिए हैं, लेकिन संचालक इनकी आड़ में अवैध वेंडर चला रहे हैं। सबसे ज्यादा घंटाघर सेंट्रल स्टेशन साइड और एक नंबर स्टेशन पर निर्धारित संख्या से ज्यादा अवैध वेंडर हैं। आकड़ो की माने तो 10 माह में 1205 से अधिक अवैध वेंडरों पर कार्रवाई हो चुकी । यह तब है जब कमर्शियल विभाग, आरपीएफ द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। हालांकि खानपान निरीक्षक की देखरेख में स्टेशन पर बिकने वाली खाद्य सामग्री एवं बेंडरों की जांच सौंपी गई है। बता दें अवैध ढंग से ट्रेनों में खाना व पानी बेचने वाले वेंडर आउटर पर ट्रेनों की गति धीमी होते ही खाने का आर्डर लेने के लिए चढ़ जाते हैं। इसके बाद उनकी दूसरी टीम सेंट्रल पर ट्रेन पहुंचते ही खाने की आपूर्ति करती है। इनकी धरपकड़ के लिए अब आरपीएफ ने विशेष टीमें लगाई हैं। आरपीएफ कानपुर सेंट्रल पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह के मुताबिक़ अभी पिछले माह ही पकड़े गए पांच वेंडरों से पता चला है कि खान पान सामग्री ट्रेनों तक पहुंचाने के लिए नया फंडा अपनाया गया है।

# मनुष्य को सफलता के शिखर तक पहुंचने को प्रोत्साहित करती है फिल्म गबरू गैंग






कानपुर 4 मई 2024 पतंग मनुष्य के हौसले को बुलंदियों तक पहुंचने को प्रोत्साहित करती है। मनुष्य पतंग को आसमान में उड़ाकर यह अहसास कर सकता है कि उसके हाथों में भी आकाश छूने की क्षमता है। इसी सोच को आगे बढ़ाती है फिल्म गबरू गैंग की कहानी। कानपुर के रहने वाले और वर्तमान में दुबई में इंटरग्लोब डेवलपमेंट के प्रबंध निदेशक विवेक सिन्हा, समीर खान, आरती पुरी और अशोक गोयनका द्वारा निर्मित पतंगबाजी खेल पर आधारित पहली फिल्म गबरू गैंग की कहानी बहुत दिलचस्प, रोमांचक और प्रेरणादायी है। शनिवार को फिल्म निर्माता व निर्देशक समीर खान, अभिनेत्री आरती पुरी, अभिनेता अभिषेक दुहान, कमलप्रीत सिंह, बृजेश तिवारी सहित अन्य कलाकार फिल्म का प्रमोशन करने कानपुर पहुंचे। प्रशंसकों ने कलाकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया।सुबह पूरी टीम केंद्रीय विद्यालय, कैंट में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच पहुंची। स्कूल में अभिनेता अभिषेक और अभिनेत्री आरती पुरी से बच्चों ने पतंगबाजी पर आधारित फिल्म को लेकर उत्सुकता भरे प्रश्न पूछे। अभिषेक और आरती ने कहा कि कोई खेल छोटा बड़ा नहीं होता है। खिलाड़ी किस तरह किस खेल को खेलता है, ये अहम बात होती है। इसलिए हर व्यक्ति को ये फिल्म देखकर पतंगबाजी खेल को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। इसके बाद पूरी टीम सरसैया घाट गुरुद्वारा पहुंची और वहां मत्था टेककर गुरु का आशीर्वाद लिया। वहां प्रबंध कमेटी ने फिल्म के कलाकारों को सम्मानित किया।छावनी स्थित स्टेटस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में फिल्म निर्माता और निर्देशक समीर खान ने बताया कि ओम सूरज प्रोडक्शन, इंटरग्लोब डेवलपमेंट-बेलाट्रिक्स, किंग्समेकर एंटरटेनमेंट और अमृतसर टाकीज द्वारा निर्मित फिल्म गबरू गैंग के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय के जरिये खिलाड़ी की भावनाओं को बखूबी दर्शाया है। इसमें खेल और भावनाओं के बीच संतुलन बनाए रखा गया है। इस फिल्म को सफलता के शिखर पर ले जाने में शहर के कारोबारी विवेक सिन्हा की अहम भूमिका है। फिल्म का निर्माण अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से शुरू होकर फिल्म का प्रीमियर संयुक्त अरब अमीरात के प्रसिद्ध गुरुद्वारे, दुबई में आशीर्वाद मिला। फिल्म 26 अप्रैल को भारत, यूएई, अमेरिका और कनाडा के थिएटरों में रिलीज होकर धूम मचा रही है। कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर पतंगबाजी खेल को पहचान दिलाने वाले पतंगबाज अफजल, महमूद, अकरम, टिंकू को सम्मानित किया। शाम को एन वाय सिनेमा (हीर पैलेस), मालरोड में दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों को निश्शुल्क स्पेशल फिल्म दिखाई गई। फिल्म देखकर निकले दर्शकों ने फिल्म की कहानी और कलाकारों के अभिनय की खुले मन से प्रशंसा की।

# कच्ची शराब के साथ पकड़े जा रहे लोग, पर बनाने वाले गिरफ्त से दूर

### - लोकसभा चुनाव में जहर परोसने में जुटे अवैध शराब माफिया - दूसरे प्रांतों की शराब का हो रहा भंडारण,रात में धधक रही भट्ठियां

मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब कारोबार रफ्तार पकड़ रहा है। पुलिस के अभियान में बड़ी संख्या में लोग कच्ची शराब सहित पकड़े जा रहे हैं,इसके बाद भी आबकारी विभाग कच्ची शराब बनाने वालो के प्रति उदार बना है।कम पैसे में अधिक नशा कराने के दावे के साथ अवैध शराब कारोबारी चुनावी दावेदारों के नजदीकियों से डील करने में जुट गए है। आबकारी विभाग की अनदेखी से जहां कच्ची शराब का कारोबार तेज हो गाय है , वहीं बड़े माफिया दूसरे प्रांतों की शराब का भंडारण करने में जुट गए हैं। हरियाणा, राजस्थान से नकली शराब लाकर खपाने तथा जिले में केमिकल से अवैध शराब बनाने का कारोबार करने वालों के लिए जिला मुफीद स्थान रहा है। लोकसभा चुनाव के चलते शराब की मांग बढ़ गई है। मतदाताओं को लामबंद करने के लिए जहां रात के अंधेरे में शराब की दावतों का दौर शुरू हो गया है। मांग बढ़ने के साथ ही अवैध शराब कारोबारियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसके चलते दूसरे प्रांतों से शराब लाकर बंद फैक्ट्रियों व ईंट- भट्ठों के साथ ही ढाबों पर अवैध शराब का भंडारण शुरू हो गया है। वहीं सस्ते में नशा कराने के दावे के साथ अवैध शराब कारोबारी एजेंटों के माध्यम से संभावित दावेदारों के नजदीकियों से डील करने में जुट गए हैं।

**चिन्हित बस्तियों में अंधेरे में धधक रही शराब भट्ठी**

अवैध शराब कारोबार जिले में कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। चुनाव में बढ़ी मांग के चलते कच्ची शराब कारोबार के लिए बदनाम कंजड डेरा मंगलपुर, अकबरपुर, केशरी निवादा शिवली, गजनेर, सबलपुर, उडनवांपुर, लाडपुर पैठ डेरापुर, रसूलाबाद, तथा भोगनीपुर थाना क्षेत्र के पिलखिनी, रनियां डेरा, हारामऊ, महेरा,सैंथा मूसानगर के इमिलिहा, नगीना, गुलौली सरांय व कबूतरा डेरा परेहरापुर आदि स्थानों में अवैध शराब की भट्ठियां रात के अंधेरे में धधक रही हैं। इसके बाद भी आबकारी विभाग खुद की चिह्नित बस्तियों में कच्ची शराब कारोबार पर नियंत्रण लगाने में नाकाम है। आबकारी अधिकारी नीलेश पालिया के अनुसार अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस वा आबकारी टीमें छापेमारी कर रही हैं।

# एक तरफा प्रेम में किशोरी की गला रेत कर हत्या की मामले में उच्च न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

### शीघ्र सुनवाई हेतु 6 माह में निस्तारण करने के दिए आदेश, अपर जिला जज स्पेशल कोर्ट में 7 मई तिथि निर्धारित

मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात एकतरफा प्रेम में किशोरी की गला रेत कर निर्ममता पूर्ण हत्या के आरोप के डेरापुर थानाक्षेत्र के एक मामले में आरोपी रिषभ उर्फ शीलू कटियार की जमानत उच्च न्यायालय ने निरस्त कर केश की सीघ्र सुनवाई करते हुए 6 माह में निस्तारण करने के आदेश विचारण न्यायालय को किए है।यह जानकारी मामले में वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने दी। चौहान ने बताया कि उच्च न्यायालय ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निस्तारित करते हुए लिखा है। की आरोपी पर एक नाबालिग लडकी की गर्दन को चाकू के तीखे प्रहार से हत्या का आरोप है। घटना को देखा गया है और घटना स्थल पर उसकी उपस्थिति पर संदेह नहीं किया जा सकता आदि तमाम परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त किया है। आरोपी रिषभ उर्फ शीलू कटियार एवम उसके पिता के विरुद्ध मृतक किशोरी के चाचा ने थाना डेरापुर में इस आरोप के साथ मुकदमा पंजीकृत कराया था कि आरोपी रिषभ उर्फ शीलू कटियार मृतक किशोरी को अक्सर परेशान करते हुए पीछा करता था जिसकी शिकायत उसके परिजनों से की किन्तु वह नहीं माना और दिनांक 11जनवरी 2022 को जब मृतक किशोरी अपनी चचेरी बहन के साथ सुबह 7बजे सौंच क्रिया हेतु खेतों में गई थी जहां पर आरोपी रिषभ उर्फ शीलू जो अपने पिता के साथ पहले से घात लगाए बैठे थे,ने किशोरी को पकड़ कर चाकू से गला रेत दिया तथा चचेरी बहन पर भी हमला करने का प्रयास किया किशोरी को इलाज हेतु ले जाते रास्ते में उसकी मौत हो गई।जितेन्द्र चौहान ने बताया की आरोपी रिषभ उर्फ शीलू जिला कारागार में निरुद्ध है।मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 स्पेशल जज पास्को एक्ट शरद त्रिपाठी की न्यायालय में विचाराधीन है मामले के विवेचक से बचाव पक्ष की जिरह जारी है।अभियोजन के अन्य गवाह परीक्षित कराए जा चुके है।केश में विवेचक को शेष जिरह हेतु 7 मई की तिथि न्यायालय ने नियत की है।

# राजाराम पाल के समर्थन में विशाल जनसभा का आयोजन

कानपुर,44 अकबरपुर लोकसभा के इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में सांई पैलेस परास में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें समाजवादी पार्टी - कांग्रेस पार्टी - आम आदमी पार्टी - इण्डिया गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता विभिन्न गांव से एकत्रित हुए एवं एक स्वर में राजाराम पाल को घाटमपुर से भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। राजाराम पाल ने सभा को संबोधित करते हुए बोला कि घाटमपुर पॉवर प्लांट उनके कार्यकाल में स्थापित किया गया था पॉवर प्लांट स्थापना के दौरान उन्होंने मांग रखी थी कि पॉवर प्लांट में विभिन्न पदों पर घाटमपुर के युवाओं को रोजगार सुनिश्चित किया जायेगा एवं जिनकी जमीन अधिकृत हुई है उन सभी परिवारों को नौकरी दी जायेगी। अगर जनता मुझे इस बार सांसद चुनती है तो उनका सबसे पहले यह प्रयास रहेगा कि घाटमपुर पॉवर प्लांट में घाटमपुर के निवासियों को नौकरी में विशेष प्राथमिकता मिले। मेरा यह भी प्रयास रहेगा कि घाटमपुर में इंडस्ट्रियल एरिया घोषित कराया जाए जिससे यहाँ इंडस्ट्रियां लगे और रोजगार उत्पन्न हो। राजाराम पाल ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि आगामी 7 मई को रमईपुर में रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप होने वाली इण्डिया गठबंधन की विशाल महारैली जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश यादव शामिल होंगे में लाखों की संख्या में पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक बनाया जाए। पूर्व विधायक इन्द्रजीत कोरी ने बताया कि इस चुनाव में दलित समाज संविधान की रक्षा के लिये एकजुट होकर इण्डिया गठबंधन को वोट करने जा रहा है। श्री रवि सचान ने बताया कि घाटमपुर के कुर्मी समाज के लोग टोलियां बनाकर सुबह - शाम विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर रहे हैं ।जनसभा के उपरान्त घाटमपुर तहसील में अधिवक्ता साथियों से मुलाकात करी अधिवक्ताओं ने घाटमपुर तहसील में फूल-मालाओं एवं पुष्प वर्षा करके राजाराम पाल का भव्य स्वागत किया एवं भरोसा दिलाया कि सभी अधिवक्ता साथ एकजुट होकर इस बार इण्डिया गठबंधन को वोट करेंगे। विभिन्न गांव रामपुर, पारा चाँद, निहुरा, श्री नर, रूपनगर, रहटी डेरा, गढ़ोलामऊ, कोरव, काटर, बल्लाहन, कटरी, दुवाई व पुरवा, अजगरपुर, गड़ाथा, बदलें सिमनापुर, कोटरा मुकरन्दपुर, सुजानपुर, दौलतपुर, निमधा, चिटकिनपुर, उस्मानपुर, माया का पुरवा, मढ़ा, अकबरपुर, गुरयनपुर) में जनसंपर्क हुआ।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email: knplokjansandesh@gmail.com lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299